दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 11 सितंबर 2022, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-196 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

घर में खाने को नहीं दाने और ये पगलेट पाकिस्तान चला है हैलीकाप्टर उड़ाने। उसके आका अमेरिका ने आखिरकार उसकी फटी झोली में खैरात डाल दी। अमेरिका ने उसे जो एफ-16 लड़ाकू हैलीकाप्टर दिए थे वे जंग खाये तबेले में पड़े रहकर कबाड़ बन रहे थे। उन्हीं खटारा हैलीकाप्टरों की मरम्मत और रखरखाव के लिए अमेरिका ने कंगालिस्तान को 35 अरब डालर की मदद मुहैय्या कराई है। इस रकम का बड़ा हिस्सा तो भिखारिस्तान के भूखमरे हुकमरान हड़प जाएंगे। बाकी से एकाध हैलीकाप्टर ठीक कर भी लिया तो उसके लिए पेट्रोल कहां से लाएंगे? जाहिर है फिर अपनी झोली फैलाएंगे।

2023 पर फोकस : दिग्गज आउट, नए चेहरों पर भरोसा, बीजेपी नई टीम के बड़े संदेश

■ प्रदेशाध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष के बाद प्रदेश प्रभारी बदले, बदलाव आगे भी रहेगा जारी!

जगदीश पटेल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश की सत्ता में एक बार फिर काबिज होने को बेताब भारतीय जनता पार्टी ने अभी से मिशन-2023 की तैयारी शुरू कर दी है। पिछले डेढ़ महीने के भीतर पार्टी ने कुछ बड़े चेहरों की छुट्टी कर दी है तो कुछ नए नेताओं की जगह दी है। बीजेपी ने सबसे पहले प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय फिर नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक और अब प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी को हटाकर नई टीम से बड़े सियासी संदेश देने की कोशिश की है। बड़े पदों पर फेरबदल कर 2023 विधानसभा चुनाव के लिए सियासी बिसात बिछा दी है। ऐसे नेताओं की जगह दी गई है, जिसके जरिए सियासी संदेश देने के साथ-साथ सामाजिक और

क्षेत्रीय संतुलन भी बनाने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव से ठीक एक साल पहले बदलाव किया गया है ताकि समय रहते रणनीति बनाई जा सके और जमीनी स्तर पर भी संदेश दिया जा सके। चेहरे बदल कर बीजेपी ने अपने सियासी आधार को मजबूत करने का दांव चला है। दरअसल, सियासी गलियारों में चर्चा गर्म है कि अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी अपनी जीत को लेकर चिंतित है। बीजेपी की इस चिंता के संकेत ऐसे वक्त पर देखने को मिल रहे हैं, जब प्रदेश में जिले नए बनाने, शासकीय कर्मचारियों के पुरानी पेंशन योजना लागू करने, किसानों व गरीबों के लिए राजीव गांधी न्याय योजना, गौधन न्याय योजना जैसे मुद्दे पूरे देश में छाए हुए हैं। लगभग सभी मोर्चों में भाजपा, भूपेश सरकार को घेरने में पूरी तरह से नाकाम रही। बीते महीने बेरोजगारों व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ भाजपा में लगातार हो रहे बदलाव

भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी ओम माथुर राजस्थान के वरिष्ठ भाजपा नेता हैं। ओम माथुर को नरेंद्र मोदी का काफी करीबी भी माना जाता है। ओम माथुर आरएसएस के प्रचारक थे। बाद में उन्हें गुजरात राज्य का प्रभारी बनाया गया। ओम माथुर गुजरात के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के प्रभारी भी रह चुके हैं। वैसे भी छत्तीसगढ़ भाजपा में लगातार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। सबसे पहले छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को हटाकर बिलासपुर सांसद अरुण साव को नया अध्यक्ष बनाया गया। उसके बाद भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को हटाकर नारायण चंदेल को नया नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी गई। अब छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी को हटाकर राजस्थान के ओम माथुर को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी बनाया गया है। संभावना है कि आने वाले दिनों में कुछ अन्य चेहरे भी बदल दिए जाएंगे ताकि 2023 के चुनाव में बीजेपी नई टीम के साथ मैदान में उतरेगी।

सॉल्यूशन, इवॉल्यूशन और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही : पीएम मोदी

■ सांइस कॉन्क्लेव में पीएम बोले- देश जय अनुसंधान की राह पर चल पड़ा

दिल्ली/अहमदाबाद (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सॉल्यूशन का, इवॉल्यूशन का और इनोवेशन का आधार विज्ञान ही है। इसी प्रेरणा से आज का नया भारत, जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान के साथ ही जय अनुसंधान का आह्वान करते हुए आगे बढ़ रहा है। 21वीं सदी के नए भारत के विकास में और विज्ञान सभी क्षेत्रों और क्षेत्रों के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारे उज्ज्वल दिमाग ने हमें हमेशा गौरवान्वित किया है और भारतीय वैज्ञानिक चमत्कार कर रहे हैं। उनके नवाचारों और सफलताओं का जश्न मनाना हमारे लोगों को प्रेरित करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि जब हम अपने वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, तो विज्ञान हमारे समाज और संस्कृति का हिस्सा बन जाता है। मैं सभी से हमारे वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जश्न मनाने का आग्रह करता हूं। 2014 के बाद, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निवेश तेजी से बढ़ा। 2015 में भारत 81वें स्थान पर था। सरकार के प्रयासों से आज भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 46वें स्थान पर है। हमें राज्यों में अटल टिंकरिंग ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दो दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन

बता दें कि दो दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन 10-11 सितंबर को साइंस सिटी अहमदाबाद में किया जा रहा है। इसमें एसटीआई विजन 2047 सहित विभिन्न विषयगत क्षेत्रों पर सत्र शामिल होंगे। राज्यों में एसटीआई के लिए भविष्य के विकास के रास्ते और विज़न, स्वास्थ्य - सभी के लिए डिजिटल स्वास्थ्य देखभाल, 2030 तक अनुसंधान एवं विकास में निजी क्षेत्र के निवेश को दोगुना करना, कृषि - किसानों की आय में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप, जल - पीने योग्य पेयजल के उत्पादन के लिए नवाचार, ऊर्जा- हाइड्रोजन मिशन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिका सहित सभी के लिए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

साइंटिस्ट अपनी महान खोज में लगे थे

उन्होंने कहा कि अगर हम पिछली शताब्दी के शुरुआती दशकों को याद करें तो पाते हैं कि दुनिया में किस तरह तबाही और त्रासदी का दौर चल रहा था। लेकिन उस दौर में भी बात चाहे ईस्ट की हो या वेस्ट की हर जगह के साइंटिस्ट अपनी महान खोज में लगे हुए थे। पश्चिम में आइन्स्टाइन, फर्मी, मैक्स प्लांक, नील्स बोर, टेस्ला जैसे साइंटिस्ट अपने प्रयोगों से दुनिया को चौंका रहे थे। उसी दौर में सी वी रमन, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, मेघनाद साहा, एस चंद्रशेखर समेत कई वैज्ञानिक अपनी नई-नई खोज सामने ला रहे थे।

भारतीय परियोजनाओं में तेजी लाएं : विक्रमसिंघे

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने अधिकारियों से कहा है कि वे उन परियोजनाओं की तुरंत समीक्षा करें जो भारतीय निवेश से जुड़ी विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा डालते हैं। 'डेली मिरर' ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने भारतीय निवेश सहयोग पर आधारित कई विकास परियोजनाओं की प्रगति की जांच के लिए शुक्रवार को चर्चा की अध्यक्षता की। भारतीय उप उच्चायुक्त विनोद के जैकब ने भी चर्चा में भाग लिया।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से 15 की मौत

नई दिल्ली (ए.)। दस दिनों तक चलने वाले गणेश चतुर्थी उत्सव का शुक्रवार को समापन हो गया। शुक्रवार को ही मूर्तियों का विसर्जन भी किया गया। इस दौरान डूबने की कई घटनाएं सामने आई हैं। उत्तर प्रदेश और हरियाणा की अलग-अलग घटनाओं में गणेश विसर्जन के दौरान कल 15 लोगों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। हरियाणा के महेंद्रगढ़ और सोनीपत जिलों में शुक्रवार शाम भगवान गणेश की प्रतिमा विसर्जित करने के दौरान छह लोगों की डूबने से मौत हो गई। महेंद्रगढ़ में चार युवक नहर में डूब गये जबकि दो सोनीपत में यमुना नदी में डूब गये। आपको बता दें कि महेंद्रगढ़ में करीब सात फुट की मूर्ति विसर्जन के लिए ले जा रही टोली जब नहर में पानी की धारा में बह गई तो नौ युवक बह गए। जिला प्रशासन ने एनडीआरएफ की मदद से बचाव अभियान शुरू किया। इस घटना में चार की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

यूपी में 9 लोगों की मौत

उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में गणेश विसर्जन के दौरान नौ लोगों के मौत की खबर सामने आ रही है। उन्नाव में तीन, संत कबीर नगर में चार, ललितपुर में दो युवकों की मौत हो गई। उन्नाव की बात करें तो यहां दो बच्चों की डूबने से तुरंत मौत हो गई। तीसरे बच्चे को इलाज के दौरान अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, बच्चे भगवान गणेश की मूर्तियों को गंगा नदी में विसर्जित करने गए थे। इस दौरान पांच बच्चे गंगा नदी में डूबने लगे। वे सभी अचानक गहरे पानी में चले गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बच्चों का रेस्क्यू किया। हालांकि, तब तक दो की मौत हो गई थी।

छत्तीसगढ़ में भगवान राम व श्री कृष्ण पर सियासी संग्राम

■ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष साव को कांग्रेस ने भेजा लीगल नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण को लेकर सियासी संग्राम शुरू हो गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बाद मामला लीगल नोटिस तक जा पहुंचा है। दरअसल, प्रदेश के बीजेपी अध्यक्ष अरुण साव द्वारा पिछले दिनों कहा था कि भगवान राम और कृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के नहीं हैं। अब साव के इस बयान पर कांग्रेस के लीगल सेल ने नोटिस भेजकर उनसे वह दस्तावेज मांगा है जिसमें कहा गया है कि भगवान राम-कृष्ण केवल भाजपा के हैं। अगर वे 15 दिन में उसका जवाब देकर सार्वजनिक रूप से माफी नहीं नहीं मांगते तो उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने शनिवार शाम को बताया कि पिछले दिनों सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने एक बयान दिया था। उसमें उन्होंने कहा था, भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के नहीं हैं। कांग्रेस ने भगवान राम को काल्पनिक बताया था। अयोध्या में मस्जिद बनाने का वादा किया था। श्रीराम सेतु को भी कांग्रेस ने काल्पनिक बताया था। शुक्ला ने कहा कि तथ्य यह है कि कांग्रेस पार्टी ने कभी भी भगवान श्रीराम को काल्पनिक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कृष्ण कुंज से उपजा राजनीतिक विवाद

भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण को लेकर कांग्रेस-भाजपा में राजनीतिक विवाद श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर छत्तीसगढ़ में शुरू किए गए श्रीकृष्ण कुंज से शुरू हुई। भाजपा ने कांग्रेस सरकार की इस योजना का विरोध किया। कांग्रेस को धर्म विरोधी बताने की कोशिश की। जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, भगवान पर भाजपा का एकाधिकार नहीं है। वे सबके हैं। उसके बाद बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष साव का बयान आया जिसमें उन्होंने प्रेस से बातचीत में कहा था, भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी ने भगवान राम के लिए क्या बातें कहीं और क्या काम किया सभी जानते हैं। मंदिर निर्माण को रोकने का प्रयास किया था। भगवान राम को काल्पनिक बताया। ये वहीं लोग हैं, जिन्होंने श्रीराम सेतु को तोड़ने का खाका तैयार कर लिया था।

अब आसानी से अवैध निर्माण कार्यों को करा सकेंगे नियमित

■ मुख्यमंत्री के निर्देश पर नियमों को किया गया शिथिल

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में अनियमित निर्माण कार्यों को नियमित कराने के लिए नियमों में पारदर्शिता लाने और सरलीकरण करने के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम में संशोधन किया गया है। संशोधित अधिनियम, 2022 छत्तीसगढ़ के राजपत्र में 14 जुलाई 2022 को प्रकाशित होने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में प्रभावशाली हो गया है। इसके नियमों का भी प्रकाशन 02 अगस्त 2022 को हो गया है। नियम प्रकाशित होने के बाद अब नये नियमों के तहत आवेदन लिए जा रहे है। इस

प्रदेश के नागरिकों को मिली बड़ी राहत

नए नियम से प्रदेश के नागरिकों को राहत मिलेगी और वे आसानी से निर्माण कार्यों को नियमित करा सकेंगे। नगर निगम सीमा के भीतर नगर निगम तथा नगर पालिकाओं में तथा निगम, पालिका के सीमा के बाहर तथा निवेश क्षेत्र के अंदर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अधिकतम एक वर्ष का देना होगा भाड़ा

शहरों की बढ़ती आबादी, वाहनों की बढ़ती संख्या और यातायात की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए राज्य शासन ने शहरी क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण अधिनियम 2002 में संशोधन करते हुए अब कड़े प्रावधान किए हैं। इन प्रावधानों का उद्देश्य पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों पर अन्य निर्माण को हतोत्साहित करना तथा पार्किंग व्यवस्था को सुधारू रूप से बनाए रखना है। अधिनियम में यह संशोधन छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण (संशोधन) विधेयक 2022 के अनुसार किए गए हैं। इस संशोधन के जरिये अपीलार्थियों को राहत भी दी गई है। उन्हें अपील लंबित रहने की अवधि में अब अधिकतम एक वर्ष का ही भाड़ा देना होगा, जबकि पूर्व में उन्हें नियमित भाड़ा देना होता था।

न्यूयॉर्क में पोलियो आपातकाल घोषित

न्यूयार्क (वार्ता)। अमेरिका में न्यूयॉर्क के गवर्नर ने पूरे राज्य में वायरस फैलने के कारण पोलियो पर आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि न्यूयॉर्क शहर और उसके आसपास के चार काउंटियों में अपशिष्ट जल के नमूनों में पोलियो वायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया है, जो पक्षाघात का कारण बन सकता है। हालांकि अब तक केवल एक मामले की पुष्टि हुई है। अमेरिका में साल 1955 में पोलियो टीकाकरण शुरू किया गया था, जिसके बाद से पोलियो की वृद्धि में कमी देखी गई और अमेरिका को वर्ष 1979 तक पोलियो मुक्त घोषित कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में टीकाकरण की दर बहुत कम है और पोलियो के सकारात्मक लक्षण पाए जा रहे हैं, इसलिए शुक्रवार को आपातकालीन घोषणा का उद्देश्य टीकाकरण दरों को बढ़ावा देना है। अधिकारियों ने कहा कि पोलियो का कोई इलाज नहीं है लेकिन इसे टीके से रोका जा सकता है। इस वायरस के लक्षण मांसपेशियों में कमजोरी और पक्षाघात हैं। न्यूयॉर्क के राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि उसका लक्ष्य टीकाकरण दरों को मौजूदा राज्य-व्यापी औसत 79% से बढ़ाकर 90% से ऊपर करना है।

कोलकाता में व्यापारी के घर ईडी की रेड, मिला नोटों का पहाड़

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मोबाइल एप्लिकेशन धोखाधड़ी मामले की जांच के सिलसिले में कोलकाता में एक व्यापारी के ठिकानों पर छापेमारी की है। अधिकारियों का कहना है कि यह रेड छह स्थानों पर की जा रही है। बताया जा रहा है कि परिसरों से कैश का अंबार मिला है।अभी तक सात करोड़ रुपये की गिनती की जा चुकी है। काउंटिंग की जा रही है। कैश गिनने के लिए नोट गिनने की मशीनें मंगाई गई हैं। ईडी अधिकारियों की एक टीम ने बैंक अधिकारियों के साथ शनिवार को कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में कारोबारी नासिर खान के परिसरों में छापेमारी की और सात करोड़ रुपये नकद और संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए। ईडी सूत्रों का कहना है कि छापेमारी चल रही है और बरामद नकदी की सही मात्रा का पता लगाने के लिए कैश काउंटिंग मशीनें लाई गई। कारोबारी के आवास पर ईडी की छापेमारी के बीच इलाके में केंद्रीय बलों को भारी मात्रा में तैनात किया गया है। यह तलाशी उन कारोबारियों पर चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है जिन पर ईडी को धनशोधन में शामिल होने का संदेह है।

गरमा-गरम

आरोप-प्रत्यारोप **बीजेपी और कांग्रेस में छिड़ा ट्विटर वॉर, इधर कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर 5 सांसदों ने जताई चिंता**

राहुल गांधी की जॉर्ज पोन्नैया से मुलाकात पर सियासी घमासान

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पार्टी को फिर से खड़ा करने की कोशिश में जुटे हैं. राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा पर है. राहुल गांधी की इस यात्रा के दौरान तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू कश्मीर तक की कन्याकुमारी में विवादित पादरी जॉर्ज पोन्नैया से उनकी मुलाकात को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है. राहुल गांधी की पादरी के साथ मुलाकात का वीडियो वायरल हो रहा है जिसे लेकर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. वायरल हो रहे वीडियो में जॉर्ज पोन्नैया राहुल गांधी के सामने ये कहते नजर आ रहे हैं कि जीसस ही असली भगवान हैं.

अब इस वीडियो को लेकर बीजेपी ने कांग्रेस पर हमला बोल दिया है. बीजेपी की ओर से शहजाद पूनावाला और अमित मालवीय ने वार किया है तो वहीं कांग्रेस की ओर से जयराम रमेश ने पलटवार किया है. बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोला है. उन्होंने ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी जॉर्ज पोन्नैया से मिले थे जो ये ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव में निष्पक्षता पर सवाल

नई दिल्ली(ए.)। कांग्रेस के पांच लोकसभा सदस्यों ने पार्टी अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण (सीईए) के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से आग्रह किया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के निर्वाचक मंडल की सूची मतदान में हिस्सा लेने वालों और संभावित उम्मीदवारों को प्रदान की जाए। पार्टी सांसद शशि थरूर, मनीष तिवारी, कार्ति चिदंबरम, प्रद्युत बारदोलोई और अब्दुल खालिक ने मिस्त्री को पत्र लिखकर यह आग्रह किया है। यह पत्र कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा से एक दिन पहले छह सितंबर को लिखा गया था। इन सांसदों ने पहले यह सूची सार्वजनिक करने का आग्रह किया था, जिससे मिस्त्री ने साफ इनकार कर दिया था। अब इन सांसदों ने अपने पत्र में कहा है कि उनके कहने का यह मतलब कतई नहीं है कि पार्टी के किसी आंतरिक दस्तावेज को ऐसे ढंग से जारी किया जाए कि इसका किसी भी तरीके से दुरुपयोग हो। उन्होंने पत्र में कहा, हमारी राय है कि अध्यक्ष के चुनाव की नामांकन प्रक्रिया शुरू होने से पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्वाचक मंडल की सूची मतदान में हिस्सा लेने वाले मतदाताओं और संभावित उम्मीदवारों को प्रदान की जाए।

हर किसी के काम आएगा वॉट्सऐप का नया फीचर

वॉट्सऐप कथित तौर पर एक अपग्रेडेड सर्च फीचर पर काम कर रहा है जो यूजर्स को किसी खास तारीख को भेजे गए मैसेज को देखने की अनुमति देगा। आईओएस के लिए वॉट्सऐप पर इस फीचर की टेस्टिंग की जा रही है। कहा जा रहा है कि फिलहाल यह फीचर डेवलपमेंट फेज़ में है और इसे कब तक जारी किया जाएगा इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसे अभी तक बीटा टेस्टर्स के लिए जारी नहीं किया गया है। यह खबर कुछ दिनों के बाद आई है जब यह बताया गया था कि आईओएस के लिए वॉट्सऐप को अपडेट के बाद एक बग मिला है। बग ऑटोमैटिकली म्यूट ड्यूरेशन को '1 सप्ताह' से '8 घंटे' में बदल देता है।।

ऐसे काम करेगा नया सर्च बाय डेट फीचर

वॉट्सऐप के लेटेस्ट फीचर ट्रैक करने वाली WABetainfo ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आईओएस के लिए वॉट्सऐप को जल्द ही एक नया सर्च बाय डेट फीचर मिल सकता है जो यूजर्स को किसी विशेष तारीख के मैसेज को सर्च करने की अनुमति देगा। इसका मतलब है कि आप तारीखों के हिसाब से नतीजों को फिल्टर कर पाएंगे। आपके द्वारा सर्च बॉक्स में नाम या नंबर टाइप करने के बाद वॉट्सऐप कई परिणाम दिखाता है।

दो साल पहले आने वाला था फीचर

रिपोर्ट के मुताबिक, वॉट्सऐप का यह फीचर दो साल पहले से डेवलपमेंट फेज़ में है, लेकिन इसे आम लोगों तक पहुंचाने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। WABetainfo के लोगों का कहना है कि टेस्टफ्लाइट से iOS 22.0.19.73 अपडेट जारी होने के बाद उन्होंने इस फीचर को देखा। प्लेटफॉर्म ने कहा कि वॉट्सऐप ने टेस्टफ्लाइट बीटा प्रोग्राम के माध्यम से एक नया अपडेट प्रस्तुत किया है, जो आईओएस 22.19.0.73 वर्जन के लिए वॉट्सऐप बीटा ला रहा है।

फीचर के स्क्रीनशॉट भी सामने आए

WABetaInfo ने कुछ स्क्रीनशॉट भी शेयर किए हैं जो कीबोर्ड के ठीक ऊपर रखे कैलेंडर आइकन का सुझाव देते हैं। किसी विशेष तारीख के मैसेज को खोजने के ऑप्शन का उपयोग करने के लिए, आईफोन के लिए वॉट्सऐप पर कैलेंडर आइकन पर टैप करना होगा। एक टैप से कैलेंडर आइकन खुल जाएगा, और किसी भी महीने, तारीख और साल का चयन करने के लिए एक डेट पिकर दिखाई देगा। जैसा कि उल्लेख किया गया है, इस बिल्ट में सुविधा अभी भी डेवलपमेंट के अधीन है और इसे फ्यूचर में बीटा टेस्टर्स के लिए रोलआउट किया जा सकता है।

भाभा ऑटोमिक रिसर्च सेंटर में 50 टेक्निकल ऑफिसर के पदों पर भर्ती

नई दिल्ली। भाभा ऑटोमिक रिसर्च सेंटर (बीएआरसी) ने टेक्निकल ऑफिसर व अन्य पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। योग्य और इच्छुक अभ्यर्थी बीएआरसी की ऑफिशियल वेबसाइट **barc.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीएआरसी की इस भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। अभ्यर्थी इन पदों के लिए 10 सितंबर से 30 सितंबर 2022 के बीच आवेदन कर सकते हैं।

बीएआरसी के इस भर्ती अभियान में कुल 50 पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जानी है। आगे देखिए

आवेदन योग्यता, चयन प्रक्रिया व अन्य डिटेल्स।

रिक्तियों का ब्योराः

-मेडिकल/साइंटिफिक ऑफिसर - 15 पद
-टेक्निकल ऑफिसर-सी : 35 पद

आवेदन योग्यता :

जो भी अभ्यर्थी आवेदन करना चाहते हैं वे आवेदन योग्यता, आयु सीमा व अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए भर्ती नोटिफिकेशन देख सकते हैं।

आवेदन शुल्क :

आवेदन शुल्क 300 रुपए। आवेदन शुल्क ऑनलाइन मोड से जमा कराई जा सकती है। एक बार आवेदन शुल्क जमा कराने के बाद रिफंड नहीं होगी। साथ ही यह शुल्क सिर्फ इसी भर्ती के आवेदन के लिए मान्य होगी।

चयन प्रक्रिया :

योग्य अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के जरिए किया जाएगा। यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होगी तो रिसर्च सेंटर को यह अधिकार होगा कि वह अभ्यर्थियों की छंटनी के लिए लिखित परीक्षा भी आयोजित कराए। चयन के मामले में रिसर्च सेंटर का फैसला ही अंतिम होगा।

नाबार्ड में डेवलपमेंट असिस्टेंट के 177 पदों पर भर्ती, ग्रेजुएट करें आवेदन

नई दिल्ली। नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) ने डेवलपमेंट असिस्टेंट के 177 पदों पर भर्ती निकाली है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 सितंबर 2022 से शुरू होंगे और इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2022 निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट www.nabard.org पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। रिक्तियों डेवलपमेंट असिस्टेंट के 173 और डेवलपमेंट असिस्टेंट हिंदी के 4 पद हैं।

योग्यता :

डेवलपमेंट असिस्टेंट - कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ किसी भी विषय में ग्रेजुएशन। एससी, एसटी व दिव्यांग वर्ग के लिए 50 फीसदी मार्क्स संबंधी बाध्यता नहीं है।

डेवलपमेंट असिस्टेंट (हिंदी)

कम से कम 50 फीसदी अंकों के साथ किसी भी विषय में ग्रेजुएशन। ग्रेजुएशन में हिंदी अनिवार्य या इलेक्टिव विषय के तौर पर पढ़ा हो। एससी, एसटी व दिव्यांग वर्ग के लिए 50 फीसदी मार्क्स संबंधी बाध्यता नहीं है।

आयु सीमा - 21 वर्ष से 32 वर्ष।

पेय स्केल - Rs.13150-750
(3) - 15400 – 900
(4) 19000 - 1200
(6) 26200-1300
(2) 28800 -1480
(3) 33240 - 1750
(1) 34990 (20 years)
वेतन : 32000 रुपये प्रति माह।

प्रमोटेड आर्टिकल्स

आपका जन्म 1970-1990

आवेदन शुल्क

जनरल, ओबीसी और **EWS**- 450 रुपये।

एससी एसटी व दिव्यांग - 50 रुपये।

ग्रेजुएट के लिए बंपर भर्ती, असिस्टेंट के 276 पदों के लिए करें आवेदन

पटना। बिहार स्टेट कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड (बीएससीबी) ने असिस्टेंट के पदों पर भर्ती निकाली है। आवेदन आज 9 सितंबर से शुरू हो गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार **biharscb.co.in** पर जाकर 9 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। कुल 276 पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती परीक्षा नवंबर दिसंबर माह में होगी।

योग्यता - किसी भी विषय से ग्रेजुएशन। कंप्यूटर में बेसिक डिप्लोमा। एमबीए वालों को प्रेफरेंस दिया जाएगा।

आयु सीमा - 18 वर्ष से 33 वर्ष। आयु की गणना 1 अगस्त 2022 से होगी।

एससी एव एसटी वर्ग को आयु में पांच वर्ष एवं ओबीसी को तीन वर्ष की छूट मिलेगी।

वेतनमान - 17900/- 47920/-

चयन - प्रीलिम्स एग्जाम व मेन्स एग्जाम।

आवेदन फीस - 850 रुपये

एससी, एसटी व दिव्यांग के लिए - 650 रुपये।

बिहार कोऑपरेटिव बैंक में 276 पदों पर भर्तियां

पटना। बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने असिस्टेंट मैनेजर और असिस्टेंट स्टाफकी भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बीएससीबी की इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 9 सितंबर से शुरू हो गई और अभ्यर्थी 9 अक्टूबर 2022 तक अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। इस भर्ती के लिए इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी biharscb.co.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को सलाह है कि आवेदन करने से पहले बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरा भर्ती नोटिफिकेशन और आवेदन संबंधी दिशा-निर्देश जरूर पढ़ लें। बीएससीबी की इस भर्ती में योग्य उम्मीदवारों का चयन लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के जिरए किया जाएगा। लिखित परीक्षा का आयोजन नवंबर और दिसंबर में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

रिक्तियों का ब्योरा - बीएससीबी की इस भर्ती के जरिए कुल 276 पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। इनमें से 245 पद सहायक के लिए हैं और 31 पद असिस्टेंट मैनेजर के लिए हैं।

आयु सीमा - बिहार एससीबी की इस भर्ती के लिए 18 से 33 वर्ष की आयु सीमा वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।

बिहार एससीबी भर्ती के लिए आवेदन शुल्क - एससी/एसटी/दिव्यांगों के लिए 650 रुपए और अन्य अभ्यर्थियों के लिए 850 रुपए।

455 पदों के लिए आवेदन प्रकिया स्थगित, अब इस डेट से करें आवेदन

रांची। झारखंड मैट्रिक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा- 2022 के लिए अब 30 सितंबर से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। अभ्यर्थी 30 अक्टूबर तक आवेदन कर सकेंगे। पहले इस भर्ती के लिए 11 सितंबर 2022 से आवेदन भरे जाने थे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने तारीख बढ़ाने की अधिसूचना जारी कर दी है।

ऑनलाइन आवेदन भरनेवाले अभ्यर्थी एक नवंबर तक परीक्षा शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। 3 नवंबर तक फोटो व हस्ताक्षर अपलोड कर उसका प्रिंट आउट निकाला जा सकेगा। वहीं अभ्यर्थी 5 से 8 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन कर सकेंगे। अन्य सभी शर्तें व प्रक्रिया 18 अगस्त को जारी विज्ञापन के आधार पर होगी।

इस परीक्षा के माध्यम से फिलहाल उद्योग विभाग में कीटपालक, कुशल शिल्पी और अन्य समकक्ष श्रेणी के कुल 455 पदों पर नियुक्ति होगी। हालांकि, बाद में अन्य विभागों से रिक्तियां आने के बाद इसमें जोड़ा जा सकता है।

किस श्रेणी में कितने पद

श्रेणी - कीटपालक एवं समकक्ष - कुशल शिल्पी एवं समकक्ष
अनारक्षित - 106 - 76
एसटी - 68 - 48
एससी - 27 - 19
अत्यंत पिछड़ा वर्ग - 23 - 15
पिछड़ा वर्ग - 16 - 11
आर्थिक रूप से पिछड़े - 28 - 18
कुल - 268 - 187

योग्यता

- न्यूनतम मैट्रिक/10वीं पास एवं अतिरिक्त

झारखंड रेशम तकनीकी विकास संस्थान, चाईबासा से एक वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स (सेरिकल्चर/सिल्क/ विविंग/ सिल्क डाईग-प्रिंटिंग) अथवा दो वर्षीय (10 प्लस 2) इंटर व्यावसायिक कोर्स (सेरिकल्चर/टेक्सटाइल्स) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

कुशल शिल्पी एवं समकक्ष पद के लिए -

कम से कम मैट्रिक/10वीं पास एवं हस्तशिल्प में एक वर्ष का सर्टिफिकेट कोर्स एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में दो वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य।

आयु सीमा - 18 से 35 वर्ष। आरक्षित वर्गों को नियम के मुताबिक छूट मिलेगी।

चयन

चयन लिखित परीक्षा से होगा। प्रश्न मल्टीपल चॉइस बेस्ड होंगे। तीन पेपर होंगे। पेपर वन में लेंग्वेज नॉलेज चेक की जाएगी। पेपर 2 में रीजनल कल्चर और पेपर 3 में जनरल नॉलेज चेक होगी।

परीक्षा शुल्क

परीक्षा शुल्क रू 100/- है।

परीक्षा शुल्क में छूट -झारखण्ड राज्य के एससी व एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क 50/- रुपये है।

30 मिनट के अंदर 5 बार एडिट कर सकेंगे ट्विटर

ऐसे काम करेगा एडिट बटन

नई दिल्ली। वर्षों के विवादों और चर्चाओं के बाद, ट्विटर ने अंततः अपने बहुचर्चित Edit Button के लिए एक पायलट शुरू करने का फैसला किया। तब से यह फीचर्स एक क्षेत्र में कुछ चुनिंदा यूजर्स के लिए लाइव हो गया है, जो ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन सर्विस के लिए भी भुगतान करते हैं। अब, इस बारे में अधिक जानकारी सामने आई है कि ट्विटर कैसे इस फीचर को आगे ले जाने की योजना बना रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, एडिट बटन के जरिए यूजर आधे घंटे के अंदर सिर्फ5 बार ट्वीट एडिट कर सकेंगे।

केवल 30 मिनट तक ही लाइव रहेगा एडिट बटन

एक आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में इस सर्विस के भविष्य के बारे में बताया है। दरअसल, ट्विटर ने कहा है कि एडिट बटन कई क्लॉज देख सकता है कि यह कैसे काम करेगा। जिसमें एक के लिए, ट्वीट एडिट करें ऑप्शन संभवतः केवल एक ट्वीट पब्लिश्ड होने के पहले 30 मिनट के लिए यूजर्स के लिए दिखाई देगा। यह यूजर्स को उन पुराने ट्वीट्स में हेरफेर करने से रोकने की अनुमति देगा, जिसे जरूरी पब्लिक कन्वर्सेशन के संदर्भ को बदल सकते हैं - खासतौर से बिजनेस और राजनीति जैसे क्षेत्रों में।

अधिकतम पांच बार ट्वीट एडिट कर सकेंगे यूजर्स

इसके अलावा, ट्विटर ने सुझाव दिया है कि ट्वीट पब्लिश्ड होने के पहले 30 मिनट के भीतर, एडिट ऑप्शन अधिकतम पांच बार दिखाई देगा। एक स्पष्ट टैग भी होगा जो यह खुलासा करता है कि एक ट्वीट एडिट किया गया है और अपने ओरिजनल फॉर्म में नहीं है, और एक इंटरफ़ेस में जो ट्वीट्स में किए गए एडिट के सीक्वेंस को दिखाता है, और यह भी खुलासा करता है कि पब्लिक पोस्ट में क्या बदलाव किए गए हैं।

प्लेटफॉर्म पर एडिट बटन मिलना मुश्किल- डोर्सी

'एडिट' बटन कंपनी की एक विवादास्पद विशेषता रही है, जो मेटा ग्रुप जैसे प्रतिद्वंद्वी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की तुलना में बहुत कम मंथली एक्टिव यूजर्स होने के बावजूद पब्लिक डिस्कशन, राजनीति, सुरक्षा, व्यापार और अन्य क्षेत्रों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ट्विटर के सह-संस्थापक और पूर्व-सीईओ जैक डोर्सी ने पिछली चर्चा में कहा था कि पब्लिक डिस्क्लोजर में भूमिका के कारण ट्विटर में एक एडिट फीचर को इंटीग्रेट करना मुश्किल हो सकता है, और सुझाव दिया था कि कंपनी कभी नहीं सार्वजनिक रूप से एक एडिट ऑप्शन को पेश नहीं कर सकती है। ऐसा प्रतीत होता है कि निर्णय अब बदल गया है, एक एडिट बटन के साथ अब स्पष्ट रूप से प्लेटफॉर्म पर यूजर्स के लिए आ रहा है। हालांकि यह अभी पेड स्पेस में बना हुआ है, लेकिन यह देखना बाकी है कि यह फीचर सार्वजनिक क्षेत्र में कब पहुंच सकता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मूर्ख और झूठे लोगो से कभी बहस

मूर्ख और झूठे लोगो से कभी बहस नहीं करनी चाहिए ये मुझे कल पता चला लोग आपके मुंह पर ही अपने ही द्वारा कहीं गई बातों को झुठला कर आपको झूठा बना देते है ऐसे ऐसे लोग है दुनिया में पता नहीं ये दुनिया किस ओर जा रही है।

अनुराधा सिंह

पूजा में अब बज रहा, डीजे चारों

पूजा में अब बज रहा, डीजे चारों ओर। खूब दिखावा हो रहा,भक्त मचाते शोर।। भक्त मचाते शोर, समझ कब इनके आता। सुनकर इतना शोर, जिया मेरा घबराता। कहते कवि गिरि राज, बचा ना साधन दूजा। बंद करो ये शोर, करो मत ऐसे पूजा।।

संजय कुमार गिरि

खास पाती | जगे कभी ऊर्जा भीतर उसको

जगे कभी ऊर्जा भीतर, उसको देना बांट। देने की हिम्मत करो, शुभ को लेना छांट। जो शक्ति है अब जगी, शुभ में कर उपयोग कल पर जो डाला उसे, कैसे प्रभु से योग। गीत कहे अनगिन नए, पर अनगाया प्रेम। प्रेम कभी चुकता नहीं, कुदरत का यह नेम। मन में तो कटुता भरी, ऊपर ऊपर प्यार, यही दिखावा सब जगह, कैसा यह व्यापार। **चंद्रकांता अग्निहोत्री**

औरत जब बच्ची थी चाँद

औरत जब बच्ची थी चाँद के अक्स को थाली में देख रोटी समझ कर खाने को मचलती रही बच्ची जब जवान हुई चाँद को देख सँजोने लगी सपने भावनाएँ मचलने लगीं कभी चाँद को माथे का टीका बनाती तो कभी चेहरे को देखती कहीं दाग तो नहीं चाँद जैसा साजन ढूँढती साजन मिला कभी वो साजन को चाँद बोलती कभी साजन लड़की को चाँद-सा बोलता लड़की जब माँ बनी चाँद को चंदा मामा बताकर बच्चे को लोरियाँ सुनाती दुलारती चाँद-सा बच्चे बड़े होते रहे माँ औरत होने का एहसास भूलती गयी सिर्फमाँ हो गयी चाँद को देखना भूल सी गयी कभी याद आता भी, झाँकती तो पाती काली रातें निगल गयी अजगर-सी उसके होने को निगल गयी हैं सारे सपने चाँद-सी रातें। **अनिता कपूर**

सपनें हजार है मगर उम्मीद कुछ

सपनें हजार है मगर उम्मीद कुछ खास नहीं कुछ अहसास है कुछ बदहवास है अपनों ने अपनों को छला साहिल फिर कैसी बरसात है अँखियों में आंसु है होंठों में प्यास है सपनें हजार है मगर उनकी हृदय में जज्बात कहाँ ओ हमसे रूठे बरसात में पता न चला आंसुओं की भीगते रहे खुले आसमान में न अहसास हुआ न अफसोस हुआ अंधेरों में ज़िंदगी की सुबह हो गई। **लक्ष्मी नारायण लहरे**

आगाज तो हुआ, कदम भी उठे

आगाज तो हुआ,कदम भी उठे, कारवा भी बनेगा,सत्य कुछ वक्त के लिए दब सकता है पर अदृश्य कभी नहीं हो सकता ; वक्त को अपना काम करने दीजिए,जब सवाल ज़मी से जुड़ेंगे,तो झूठ का पसारा सिमटना ही होगा।। कर्मपथ पर वो चला, कारवां भी बनेगा, देश भी बोलेगा, हताश नही हिम्मत ए जोश है, साथ है, सवेरा भी होगा। ईमान का जश्न भी होगा।। **मीनू वोहरा**

मुझे आज तक शेर की उपयोगिता

मुझे आज तक शेर की उपयोगिता समझ नही आई जिनकी चंद संख्या के लिए संरक्षण पर सरकारें अरबो रुपया खर्च कर अभ्यारण्य बनाती जा रही हैं। दूसरी ओर हर गली मोहल्ले नगर गांव में दुधारू गायों जिनके गोबर मूत्र दूध सिंग चमड़े आदि से करोड़ो लोगो को रोजगार मिलता है उन बेजुबान लोगो के लिए जरा भी परवाह नही। जनता नेताओ के चरित्र को समझे दलीय लड़ाई में न उलझे रहे व्यर्थ विवादों में न कूदे ,विवादों को हवा देकर खुद का नुकसान न करें बल्कि हर वो समस्या पर मुखर होकर आवाज उठाएं जिससे जन जन का कल्याण हो।

-संत आर. थवाईत

इस शहर के लोग जीते जी

इस शहर के लोग जीते जी, अस्थि विसर्जन कर रहे हैं संबंधों में, आ चुका है मोलभाव बढ़ती कीमतें घटती संवेदनाएं प्रश्नचिन्ह समर्पण रूआसा दर्पण लेकर, इमारतें चल रही हैं मुझे यकीन है, अब कोई, एक दूजे के करीब नहीं नेत्रों में मित्रता नसीब नहीं मानवता अंत पर है, और स्नेह गहरी खाई में डूब चुका..! **अनुभूति 'अनु'**

QUIZ TIME

1) किस राज्य में वन स्कूल, वन आईएएस योजना शुरू की गई है?

2) किस राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के स्थान पर किसान फसल राहत योजना शुरू की गई है?

3) सार्वनामिक विशेषण के कितने भेद होते हैं?

4) थापड़ी नृत्य छत्तीसगढ़ राज्य के किस जनजाति समुदाय का है?

5) दुनिया के सबसे ऊँचे रेत महल का उद्घाटन किस देश में किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) केरल (2) झारखण्ड (3) दो- मौलिक और यौगिक (4) कोरवा (5) डेनमार्क

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय और विश्व इतिहास में 11 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैः 1893 : अमेरिका के शिकागो क्षेत्र में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद ने सांप्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और हिंसा पर ऐतिहासिक भाषण दिया। 1895 : महान स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक कार्यकर्ता और प्रसिद्ध गांधीवादी नेता विनोबा भावे का जन्म। 1906 : महात्मा गाँधी ने दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह आन्दोलन आरंभ किया। 1919 : अमेरिकी नौसेना ने होंडुरास पर आक्रमण किया। 1922 : आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में सचित्र दैनिक समाचार पत्र द सन न्यूज पेक्टोरियल की शुरूआत। 1939 : इराक और सऊदी अरब ने जर्मनी के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1941 : अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन का निर्माण शुरू। 1948 : ब्रिटिशकालीन भारत के प्रमुख नेता और 'मुस्लिम लीग' के अध्यक्ष मुहम्मद अली जिन्ना का निधन। 1951 : फ्लोरेंस चैडविक ने इंग्लिश चैनल तैरकर पार किया। उन्हें इंग्लैंड से फ्रांस पहुंचने में 16 घंटे और 19 मिनट लगे। ऐसा करने वाली वह पहली महिला बनीं। 1961 : विश्व वन्यजीव कोष की स्थापना। 1962 : मशहूर इंग्लिश रॉक बैंड 'दि बीटल्स' ने अपने पहले एकल हिट एलबम 'लव मी डू' के गाने रिकार्ड किए। 1968 : एयर फ्रांस का विमान नाइस के निकट दुर्घटनाग्रस्त। हादसे में 89 यात्रियों और चालक दल के छह सदस्यों की मौत। 2001 अमेरिका में आतंकवादियों ने विमान अपहरण कर न्यूयार्क के वर्ल्ड ट्रेड टावर की दो इमारतों, वर्जीनिया स्थित पेंटागन और पेन्सिलवेनिया पर हमला किया।

मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से अब तक 27 लाख से ज्यादा लोगों का निःशुल्क इलाज

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐसी परिकल्पना की थी स्लम बस्तियों में निवासरत लोगों का इलाज उनके घर पर ही हो। इसी उद्देश्य के साथ लागू की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के माध्यम से अब तक 27 लाख से ज्यादा लोगों का इलाज मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सा दल द्वारा स्लम बस्तियों में पहुंचकर किया गया है। योजना के तहत अब पूरे राज्य के नगरीय क्षेत्रों के स्लम बस्तियों में चिकित्सक, पैरामेडिकल टीम, मेडिकल उपकरण एवं दवाओं से लैस 120 मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचकर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस योजना के माध्यम से अब तक पांच लाख 78 हजार 239 मरीजों को पैथालॉजी टेस्ट की सुविधा मुहैया कराने के साथ ही 23 लाख 8 हजार 637 से अधिक मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गई हैं। योजना के तहत लाभान्वित मरीजों में दो लाख 46 हजार 481 श्रमिक भी हैं।

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत अब तक राज्य के 169 नगरीय निकायों की स्लम बस्तियों में 38 हजार 990 कैम्प लगाकर लोगों की निःशुल्क जांच व उपचार कर दवाईयां दी गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि नगरीय क्षेत्रों की तंग बस्तियों के एवं अन्य जरूरत मंद लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवायें उपलब्ध कराया जाए।

गौरतलब है कि राज्य के 14 नगर निगम क्षेत्रों की स्लम बस्तियों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के प्रथम चरण की शुरूआत 01 नवम्बर 2020 को हुई थी। इसके तहत 60 मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा स्लम बस्तियों में जाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार एवं दवा वितरण की शुरूआत की गई थी। 31 मार्च 2022 को इसका विस्तार पूरे राज्य के नगरीय निकाय क्षेत्रों में किया गया तथा 60 और नई मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू की गई।

छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने में रचा कीर्तिमान

राज्य ने लक्ष्य का 91 फीसद यानि 59.39 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया

- **समय पर चावल जमा होने से मार्कफेड को मिला 8 हजार करोड़ रूपए अधिक, ब्याज में 100 करोड़ रूपए की भी हुई बचत**
- **केन्द्रीय पूल में जमा कराना है 65.21 लाख मीट्रिक टन चावल**

रायपुर/नवप्रदेश। केन्द्रीय पूल में कस्टम मिलिंग का चावल जमा कराने के मामले में छत्तीसगढ़ रिकार्ड सफलता हासिल की है। छत्तीसगढ़ में 65.21 लाख मीट्रिक टन चावल केन्द्रीय पूल में जमा कराने के लक्ष्य के विरूद्ध 9 सितम्बर की स्थिति में 59.39 लाख मीट्रिक टन चावल सीएमआर के रूप में केन्द्रीय पूल में जमा करा दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि धान खरीदी के साथ-साथ युद्ध स्तर पर कस्टम मिलिंग कराकर छत्तीसगढ़ ने अपने कोटे का रिकार्ड चावल एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम को दे दिया है। यह छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी नीतियों एवं दूरदर्शी निर्णयों के चलते संभव हो सका है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य में धान की खरीदी, कस्टम मिलिंग और केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने की चाक-चौबंद व्यवस्था से उपार्जित धान के नुकसान और सूखत से होने वाले नुकसान रूका है। केन्द्रीय पूल में सीएमआर का चावल बड़ी मात्रा में जमा होने से मार्कफेड को इस साल बीते वर्ष की तुलना में 8 हजार करोड़ रूपए का अधिक भुगतान प्राप्त हुआ है, जिसकी बदौलत बैंक ऋण की वापसी के चलते 100 करोड़ रूपए के ब्याज की भी बचत हुई है। मुख्यमंत्री ने राज्य में कस्टम मिलिंग और सीएमआर के रूप में केन्द्रीय पूल में रिकार्ड चावल जमा कराने की सफलता के लिए विभागीय अधिकारी को बधाई दी है।

खरीफ वर्ष 2021-22 में राज्य में सर्वाधिक धान उपार्जन का कीर्तिमान रचने के बाद साथ ही समितियों से धान का उठाव और केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी छत्तीसगढ़ ने एक नया कीर्तिमान रचा है। 9 सितम्बर की स्थिति में मिलर्स द्वारा 59.39 लाख मीट्रिक टन चावल एफसीआई और नान में जमा किया जा चुका है। मात्र 5.82 लाख मीट्रिक टन चावल सीएमआर में जमा किया जाना शेष है। कस्टम मिलिंग के लिए राज्य के मिलर्स को 97.30 लाख मीट्रिक टन धान प्रदाय किया गया है, जिसके एवज में मिलर्स को 65.25 लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराना है। सितम्बर माह के अंत तक सीएमआर का चावल जमा कराने का लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद है।

खाद्य विभाग के सचिव टी.के. वर्मा ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में 97.99 लाख मेट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर रिकार्ड खरीदी की गई। उपार्जित धान का समय पर उठाव व मिलिंग एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि इतनी वृहद मात्रा में उपार्जित धान का सुनियोजित रूप से उठाव व निराकरण न होने के फलस्वरूप इसके अमानक होने के साथ-साथ सूखत से भी बड़ी हानि होने की संभावना थी, किन्तु धान के उठाव व निराकरण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन रणनीति तैयार कर इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। परिणाम स्वरूप खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में राज्य में पहली बार माह अप्रैल-मई में ही उपार्जन केन्द्रों से तथा जून माह में संग्रहण केन्द्रों में भंडारित धान की शत-प्रतिशत मात्रा का उठाव कर लिया गया। राज्य में पहली बार बारिश शुरू होने से पहले ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव पूरा कर लिया गया। उपार्जन केन्द्रों से सीधे मिलरों द्वारा धान का रिकार्ड उठाव करने के कारण परिवहन व्यय, सूखत की मात्रा एवं धान की सुरक्षा एवं रखरखाव के व्यय में भी बीते वर्षों की तुलना में बेहद कमी आई है।

मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कलेक्टर ने कार्यभार ग्रहण किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवगठित मनेन्द्रगढ-चिरमिरी-भरतपुर जिले के कलेक्टोरेट परिसर का भ्रमण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की मौजूदगी में कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत सहित विशिष्ट अतिथिगण और प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

युगांतकारी साहित्यकार मुक्तिबोध की पुण्यतिथि पर आज स्मृति व्याख्यान का आयोजन

राजधानी रायपुर के महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में पूर्वान्ह 11 बजे शुरू होगा कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के युगांतकारी साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध की 58वीं पुण्यतिथि 11 सितंबर, रविवार को मुक्तिबोध परिवार और साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ ने मिलकर एक स्मृति व्याख्यान आयोजित किया है। कार्यक्रम महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में सुबह 11 बजे से होगा।

साहित्य अकादमी, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह दोस्त से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में युवा आलोचक एवं दिल्ली विश्वविद्यालय में हिंदी के प्रोफेसर विनोद तिवारी मुक्तिबोधः साहित्य का जीवन-विवेक विषय पर व्याख्यान देंगे। विनोद तिवारी हिंदी साहित्य की चर्चित पत्रिका पक्षधर के संपादक भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी के प्रसिद्ध आलोचक व विचारक श्री जयप्रकाश करेंगे। वक्तव्य के पहले युवा गायक व संगीतकार वसु गंधर्व और अजुल्का सक्सेना मुक्तिबोध की कविताओं की प्रस्तुति देंगे।

मुख्यमंत्री ने आचार्य विनोबा भावे की जयंती पर उन्हें किया नमन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भूदान आंदोलन के प्रणेता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आचार्य विनोभा भावे की 11 सितंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने कहा कि आचार्य भावे ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा और आजादी की अलख जगाने में बिता दिया। वे सामाजिक और रचनात्मक रूप से बहुत सक्रिय रहे। उन्होंने समाज में असमानता समाप्त करने बराबरी के सिद्धांत पर जोर दिया। श्री बघेल ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे की शिक्षा और दर्शन हमें सहीं मार्ग दिखाते रहेंगे।

डी पुरंदेश्वरी भाजपा नेताओं पर हंटर नहीं चला पाई बल्कि उन पर ही हंटर चल गया : धनंजय

रायपुर/नवप्रदेश। डी पुरंदेश्वरी को भाजपा प्रदेश प्रभारी से हटाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा इतनी डरी हुई कि पौने 4 साल में तीन प्रदेश अध्यक्ष, एक नेता प्रतिपक्ष और दो प्रदेश प्रभारी बदल चुकी है लेकिन कार्यकर्ताओं का आक्रोश एवं भाजपा नेताओं की गुटबाजी को खत्म नहीं कर पा रही है। रमन सरकार के काले कारनामे कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार एवं किसानों की आत्महत्या के महापाप के कलंक से भाजपा बच नहीं सकती। डी पुरंदेश्वरी जो खुद को हंटर वाली बताती थी और हंटर से भाजपा की गुटबाजी खत्म करने का दावा करती थी वो खुद भाजपा के हंटर का शिकार हो गई। डी पुरंदेश्वरी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सिर के हजार टुकड़े होंगे एवं थूककर सत्ता बहा देने वाली अहंकारों से भरी छत्तीसगढ़ को अपमानित करने वाली बयान दी थी। डी पुरंदेश्वरी के प्रभारी रहते प्रदेश में हुए खैरागढ़ के उपचुनाव एवं नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी थी। मुख्यमंत्री निवास घेराव के दौरान डी पुरंदेश्वरी की उपस्थिति में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार से गुंडागर्दी की पुलिस के अधिकारी कर्मचारी महिला कर्मचारियों के साथ गाली गलौज दुर्व्यवहार किया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन हो चुकी है मुद्दों के दिवालियापन के दौर से गुजर रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़िया किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कद और जनता से किये वादों को पूरा करने की प्रतिबद्धता एवं सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं के आगे भाजपा छत्तीसगढ़ में बौना सा महसूस कर रही है। प्रदेश की जनता रमन भाजपा शासन काल के 15 साल के कुशासन कमीशन खोरी भ्रष्टाचार, किसानों के साथ वादाखिलाफी युवाओं के साथ धोखा की घटना को नहीं भूली है भाजपा कुछ भी कर ले छत्तीसगढ़ में उनका कमल नहीं खिलेगा, बल्कि 2023 एवं 2024 के चुनाव में देश से भी कमल का नामो निशान मिट जाएगा।

पं माधव राव सप्रे राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान हेतु प्रविष्टि 23 तक

रायपुर/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा देश के प्रसिद्ध साहित्यकार और छत्तीसगढ़ में पत्रकारिता के जनक स्वर्गीय पंडित माधवराव सप्रे की स्मृति में राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान की स्थापना की गयी है। यह सम्मान प्रति वर्ष ऐसे मनीषी को दिया जाएगा, जिन्होंने मीडिया के क्षेत्र में अपने विशिष्ट रचनात्मक लेखन और हिन्दी भाषा के प्रति समर्पण भाव से रचनात्मक कार्य करके राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। चयनित मनीषी को प्रशस्ति पत्र सहित दो लाख 50 हजार रूपए की सम्मान राशि भेंट की जाएगी। वर्ष 2021 के राष्ट्रीय रचनात्मकता सम्मान हेतु प्रस्ताव या अनुशंसा पत्र दिनांक 23 सितम्बर 2022 तक आमंत्रित हैं। प्रस्ताव या अनुशंसा पत्र सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा संचालक जनसंपर्क संचालनालय भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन कोड 492002 पते पर प्रेषित करना है।

दो महीने में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में आई भारी तेजी

- **18 प्रतिशत कम हुई पेंडेंसी, लगभग 6 हजार प्रकरणों का निराकरण**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ.सर्वेश्वर भुरे की लगातार समीक्षा और निरीक्षण से जिले के राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी आ गई है।। पिछले दो महीने में जिले में लगभग 6 हजार लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है। पिछले दो महीने में राजस्व संबंधी 3 हजार 659 नये प्रकरण भी न्यायालयों में दर्ज किए गए है। प्रकरणों के निराकरण से पिछले दो महीने में ही ऐसे 2 हजार 275 प्रकरणों का निपटारा भी हो गया है, जो लंबे समय से न्यायालयों में लंबित थे। इस हिसाब से जिले के राजस्व न्यायालयों में लंबे समय से पेंडिग पड़े प्रकरणों में 18 प्रतिशत से अधिक की कमी हुई है। जिले में पदस्थ एस.डी.एम., तहसीलदारों-नायब तहसीलदारों ने अभियान चलाकर पिछले दो महीने में ही 5 हजार 934 लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण कर दिया है। इन प्रकरणों में अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसान किताब बनाना, फौती-खतौनी जैसे प्रकरण शामिल है। कलेक्टर डॉ.भुरे ने जिले वासियों और दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों के जमीन-जायदाद संबंधी मामलों के तेजी से निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों की सराहना की है। डॉ.भुरे ने सभी अधिकारियों को जनता की सहुलियत के लिए राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में यथासंभव निराकरण करने के निर्देश भी दिए है।

जिले के राजस्व प्रभारी अपर कलेक्टर से मिली जानकारी के अनुसार 5 जुलाई को रायपुर जिले की सभी 6 तहसीलों और राजस्व न्यायालयों में 12 हजार 373 राजस्व प्रकरण लंबित थे। कलेक्टर डॉ.भुरे ने अपने निरीक्षण के दौरान विस्तृत कार्योजना बनाकर इन लंबित प्रकरणों के साथ-साथ नये पंजीयन होने वाले प्रकरणों को मिलाकर लंबित प्रकरणों के का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए थे। दो महीनों में जिले में 3 हजार 659 नये प्रकरण दर्ज किए गए।

सितम्बर माह के पहले सप्ताह में लंबित और नए दर्ज प्रकरणों को मिलाकर निराकरण के लिए राजस्व न्यायालयों को 16 हजार 032 प्रकरण मिलें। इनमें से सितम्बर माह के पहले सप्ताह तक 5 हजार 934 प्रकरणों का निपटारा राजस्व अधिकारियों ने कर दिया है। सितम्बर माह के पहले सप्ताह में 10 हजार 098 प्रकरण निराकरण के लिए लंबित बचें है।

प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ली लगातार बैठकें

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सांसद व विधायक दल की बैठक ली। जिसमें भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़ के समस्त सांसद व विधायक शामिल हुए। इस बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की समस्त रणनीतियों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आगामी रणनीतियों को सुदृढ़ बनाने के लिए सभी से परिचर्चा की।

तत्पश्चात जेपी नड्डा जी ने एक और बैठक ली। इस बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारी, संभागीय प्रभारी, जिला संगठन प्रभारी-सह प्रभारी, जिलाध्यक्ष शामिल हुए। जिसमें संगठन की कार्ययोजना के साथ कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

वहीं देर रात राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने अंतिम कोर ग्रुप की बैठक ली। जिसमें कोर ग्रुप के सभी सदस्य शामिल हुए।

भाजपा भूपेश बघेल से इतनी डरी हुई है

नड्डा ने 32 मिनिट के भाषण में 9 बार उनका नाम लिया : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के भाषण से यह साफ हो गया। भाजपा ने 2023 के चुनाव के पहले ही हार मान लिया है। भाजपा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से इतनी ज्यादा घबराई हुयी है कि भाजपा अध्यक्ष के भाषण के केन्द्र बिन्दु में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही रहे। नड्डा ने अपने 32 मिनिट के भाषण में 9 बार भूपेश बघेल का नाम लिया। इससे भाजपा का डर और घबराहट स्पष्ट हुआ। नड्डा ने अपने भाषण में भाजपा की पूर्ववर्ती रमन सरकार के भ्रष्टाचार को गिनाया। स्काईवाक और वीरान नवा रायपुर रमन सरकार के भ्रष्टाचार और अदूरदर्शिता का प्रमाण है जिसमें जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा खर्चा हुआ और दोनो से ही जनता को फायदा नहीं हुआ। नड्डा कांग्रेस सरकार को राजनैतिक विद्वेष से कोसते रहे। लेकिन कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के एक रू. का भी आरोप नहीं लगा पाये। कांग्रेस द्वारा पूछे गये 5 सवालों का जवाब देने का साहस नड्डा नहीं जुटा पाये। महंगाई, बेरोजगारी 15 लाख अच्छे दिन किसानों की आय पर नड्डा कुछ नहीं बोले।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जेपी नड्डा का भाषण झूठ का पिटारा है अपने ही सरकार के आंकड़ों को जेपी नड्डा झूठलाते रहे हैं आयुष्मान योजना में छत्तीसगढ़ ने देश में इतिहास रचा है 1 दिन में 6 लाख 31हजार आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 1करोड़10लाख लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ छत्तीसगढ़ में मिला है।

नगर आयुक्त ने शहरी स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर दिए व्यापक दिशा निर्देश

- **बदलते मौसम में संक्रामक व जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए बरतें पूरी सजगता**

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र में जल जनित व संक्रामक बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने आज नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी ने चिकित्सा विभाग व नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया है कि बदलते मौसम में डेंगू, पीलिया, स्वाईन फ्लू, कोविड 19, के संक्रमण के रोकथाम के लिए आम लोगों को निरंतर जागरूक करते रहें एवं बीमारी के लक्षण वालों की त्वरित पहचान कर जांच व उपचार हर स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।

रायपुर नगर निगम सभा कक्ष में बुलाई गई इस आवश्यक बैठक में आयुक्त चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम महामारी उन्मूलन अमले द्वारा की जा रही कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में नगर निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. प्रणव वर्मा, कार्यपालन अभियंता बद्री चंद्राकर, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय, शहरी कार्यक्रम अधिकारी स्वतंत्र रहंगडाले, जिला डाटा प्रबंधक अभिषेक सिंह भी मौजूद थे।

निगम आयुक्त चतुर्वेदी ने बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा है कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार संक्रामक व जल जनित बीमारियों से रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान सतत् रूप से संचालित करते रहें एवं ऐसे क्षेत्र, जो पूर्व में संक्रमण से प्रभावित हुए है, उसकी विशेष निगरानी भी करें।उन्होंने निर्देशित किया है कि उच्च जोखिम वाले व्यक्ति विशेषकर गर्भवती महिलाएं, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे, 65 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध एवं किसी अन्य रोग से ग्रसित व्यक्तियों में संक्रमण की जटिलताएं होने की संभावना अत्यधिक होती है, अतः इन वर्गो पर फोकस कर बीमारी की स्थिति में तत्काल जांच एवं चिकित्सक की देखरेख में तत्काल दवाएं एवं उपचार सुनिश्चित करें। उन्होंने कोविड टीकाकरण के दूसरे डोज व बूस्टर डोज के लिए संचालित घर-घर टीकाकरण अभियान में तेजी लाने एवं शत् प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के लिए स्वास्थ्य विभाग अमले को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि इस कार्य में नगर निगम का मैदानी अमला भी स्वास्थ्य विभाग को अपना सहयोग दे रहा है।

सहकारी बैंक फेडरेशन मर्यादित की तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष बनी सत्यबाला अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शहरी सहकारी बैंक फेडरेशन मर्यादित का अध्यक्ष उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्य दिनांक 09.09.2022 को लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक के मिटिंग हॉल में रिर्टनिंग अधिकारी एवं सहायक पंजीयक एस.पी.कोसरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ शहरी सहकारी बैंक फेडरेशन मर्यादित के अध्यक्ष पद हेतु मती सत्यबाला अग्रवाल (अध्यक्ष - लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक रायपुर छ.ग.) को लगातार तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित किया गया, उपाध्यक्ष पद हेतु मती अरुणा शुक्ला (अध्यक्ष- महिला नागरिक सहकारी बैंक महासमुंद छ.ग.) व रघुवंश (फेडरेशन प्रतिनिधि-भिलाई नागरिक सहकारी बैंक भिलाई छ.ग.) को निर्वाचित किया गया व संचालक हेतु राजकुमार पमनानी, (फेडरेशन प्रतिनिधि - बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक बिलासपुर छ.ग.), प्रेमनारायण मोर्य, (संचालक- रायगढ़ नागरिक सहकारी बैंक छ.ग.), नवरतन माहेश्वरी (संचालक-व्यवसायिक सहकारी बैंक रायपर छ.ग.),निर्विरोध निर्वाचित हुए साथ ही हाजी मोहसिन अली (संचालक-दि रायपुर अर्बन मर्केन्टाईल कोआपरेटिव बैंक रायपुर छ.ग.) को सहयोजन के माध्यम से संचालक चुना गया।

अन्य सहकारी सोसाईटियों के प्रतिनिधि हेतु -नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कॉआपरेटिव बैंक एण्ड केडिट सोसाइटी (नेफकब) नई दिल्ली हेतु मती सत्यबाला अग्रवाल, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (छब्न्) नई दिल्ली हेतु प्रेमनारायण मौर्य व छ.ग.राज्य सहकारी संघ हेतु राजकुमार पमनानी का नाम निर्वाचित किया गया।

न्यूज गैलरी

छात्राओं ने निकाली जन जागरूकता रैली

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर की पंचम दीवान स्कूल में 1 से 15 सितंबर तक स्वछता पखवाड़ा मनाया जा रहा है जिसके तारतम्य में स्वच्छता महा अभियान जन जागरूकता रैली का आयोजन कर लोगो को स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहने की अपील की गई। पंचम दीवान स्कूल के प्रधान पाठक केशव राम वर्मा प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव सामाज सेवी किरण इवेंट फ्यूजन के डायरेक्टर अरुण छाबड़ा बंटी के निर्देशन में छात्राओं के द्वारा भाटापारा नगर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वक्षता जन जागरूकता रैली निकाला गया यह विद्यालय बालिका शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय है और जिले एवं राज्य का विगत 3 वर्षो से स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार प्राप्त हुआ है रैली में स्वच्छता स्लोगन बोलते हुए लगभग 300 छात्राएं शामिल हुई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं अजय कुमार तिवारी शिवमंगल सिंह ठाकुर श्रीमती सुशीला वर्मा मुकेश वर्मा श्रीमती प्रियंका चौबे स्कूल समन्वय अधिकारी मुकेश देवांगन श्रीमती मालती निषाद कुमारी रिया यादव कुमारी ईश्वरी साहू आदि रैली में शामिल थे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने के मामले में ग्रामीण पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए स्थानीय संत माता कर्मा वार्ड के युवक को विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी विनोद मंडावी ने बताया कि 9 सितंबर को प्रार्थी ने रिपोर्ट

दर्ज कराया कि रात में वह अपने परिवार बच्चों के साथ रात में खाना खाकर एक ही कमरे में सोए थे रात्रि 01.30 बजे नींद खुलने पर इसका नाबालिक लड़की बिस्तर में नहीं थी जिसका आसपास पता तलाश करने के दौरान रात्रि करीब 02.30 बजे गांव के स्कूल तरफसे आते देख घर लाकर पूछने पर आरोपी सोनू निषाद निवासी भाटापारा द्वारा इसे बहला-फुसलाकर स्कूल के पास बुला कर जबरदस्ती दुष्कर्म करना बताई प्रार्थी के लिखित रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक502/2022 धारा 376 भादवी, 4 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही कर अभियुक्त सोनू निषाद उर्फ आशुतोष संत माता कर्मा वार्ड निवासी को पता तलाश कर गिरफ्तार किया गया।

मंत्री से शिकायत, हटाए गए चार पटवारी

कवर्धा/नवप्रदेश। तहसील सहसपुर लोहारा में पदस्थ चार पटवारियों को अविवादित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में विलंब करना भारी पड़ा। उनका पंडरिया तहसील में तबादला कर दिया गया। तहसील कार्यालय में आयोजित राजस्व शिविर में पहुंचे प्रदेश के कैबिनेट मंत्री व कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में विलंब को लेकर नाराजगी दर्शाइ थी। राजस्व शिविर में कैबिनेट मंत्री ने वहां उपस्थित जन समुदाय से अपनी समस्याएं बताने कहा था। उन्होंने कार्यक्रम के बीच में माईक पहुंचवाकर अपनी-अपनी समस्याओं को सार्वजनिक तौर पर बताने कहा। लंबित राजस्व प्रकरणों के आवेदकों ने मंत्री के समक्ष अपने प्रकरणों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रकरण निराकृत करने में विलंब किया जा रहा है। इस पर मंत्री मोहम्मद अकबर जिन प्रकरणों में निराकरण नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल निराकृत करने का निर्देश दिया। मंत्री ने इस बात पर ध्यान दिया कि कुछ पटवारियों की कार्यशैली को लेकर कई लोगों ने शिकायत की थी। इन पटवारियों में हर्षवर्धन मोटघरे, हितेश शर्मा, नन्दुराम राडेकर, सोमेश्वर सिंह ठाकुर के नाम शामिल है। राजस्व शिविर आयोजित होने के अगले ही दिन कलेक्टर कबीरधाम जनमेजय महोबे ने तहसील सहसपुर लोहारा के अंतर्गत पदस्थ पटवारी हर्षवर्धन मोटघरे हल्का नं. 12, सोनझरी को तहसील पंडरिया अंतर्गत हल्का नं. 01 बदना, पटवारी हितेश शर्मा हल्का नं. 15, कुरूवा को तहसील पंडरिया अंतर्गत हल्का नं. 04 पुटपुटा, पटवारी नन्दुराम राडेकर हल्का नं. 14, सुरजपुरा (जं.) को तहसील पंडरिया अंतर्गत हल्का नं. 14 डालामौहा, पटवारी सोमेश्वर सिंह ठाकुर हल्का नं. 16, कल्याणपुर को तहसील पंडरिया अंतर्गत हल्का नं. 05, भेलकी में स्थानांतरित किया है।

आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच का कार्यक्रम, 52 समितियां हुई पुरस्कृत

भिलाई में बही आस्था की गंगा, गणेश विसर्जन महोत्सव में देर रात तक झूमे श्रृद्धालु

- **वर्ष 2022 का खिलाब हुडको महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल ने किया प्राप्त**

भिलाई नगर/नवप्रदेश। आस्था की बही गंगा में कहीं छत्तीसगढ की संस्कृति नजर आई तो कहीं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा था। इस बीच किसी गणेश जी ने बैलगाडी में पहुँचकर अपने भक्तों को दर्षन दिए तो कोई गणेश राजा की तरह आस्था के मंच पर पधारे। रंगबिरंगी आतिषबाजियों ढोल नंगाढों के बीच यह मनमोहक नजारा था सिविक सेंटर तिराहे का जहां प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी आस्था-रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा 'श्री गणेष विसर्जन महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके छत्तीसगढ के अलावा कई प्रदेशों की संस्कृति भी यहां नजर आई।

आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के सातवें वर्श के आयोजन में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, स्मृति नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था के अध्यक्ष राजीव चौबे, सहित कई सम्माननीय जन षामिल हुए। कार्यक्रम में बतौर अतिथी पहुॅचे सांसद विजय बघेल ने आस्था रथ सांस्कृतिक मंच को धर्म और संस्कृतिक से लोगों से जोडने किए जा रहे कार्यो की भरपूर सराहना की। उन्होने कहा कि भिलाई में सभी धर्मो के लोग निवास करते है और सभी धर्मो का सम्मान किया जाता है यह भिलाई की पहचान है । उन्होने कहा कि वे प्रथम वर्ष से ही वे आयोजन में सम्मलित हो रहे है और हर हर वर्ष आयोजन बढता जा रहा है इसके लिए उन्होने मंच के अध्यक्ष मिथलेश ठाकुर और अनूभूति भाकरे ठाकुर सहित तमाम सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इसी तरह आयोजन में विशेष अतिथी के रूप में सम्मलित हुए विधायक देवेन्द्र यादव, भिलाई महापौर नीरज पाल, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, यंगिस्तान के प्रमुख मनीष पाण्डेय, स्मृति नगर सोसायटी के अध्यक्ष राजीव चौबे, समाजसेवी इंद्रजीत सिंग, छोटू, अरविंदर सिंग खुराना, सहित आयोजन में शामिल हुए अन्य अतिथीयों ने भी आयोजक आस्था रथ सांस्कृतिक मंच के प्रयासों की सराहना की।

52 समितियां हुई पुरस्कृत

आस्था रथ सांस्कृतिक मंच द्वारा वर्श 2022 के आयोजन में कुल 52 झांकियों के रूप में गणेश समितियां शामिल हुई जिन्हें सांसद विजय बघेल सहित अन्य अतिथीयों के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जूनियर और सीनियर दो वर्गो में पुरस्कारों का वितरण किया गया ।जिसके तहत सर्वश्रेश्ठ गणेश समिति 2022 का खिताब इस बार हुडको महाराष्ट्र सांस्कृतिक मंडल ने प्राप्त किया। समिति द्वारा एक से अधिक मूर्तियों को स्थापित करने का रिकॉर्ड रहा है।

ग्रामीण बैंक में अटल पेंशन योजना का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में लोक कल्याणकारी योजना को जनसामान्य तक पहुंचाने में अग्राणी बैंक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के द्वारा अटल पेंशन योजना पर टाउन हाल मिटिंग का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आशीष कुमार, विशेष अतिथि उप महाप्रबंधक प्रियंका गुप्ता, बैंक के अध्यक्ष आईके गोहिल की अध्यक्षता में कार्यक्रम होटल कोर्टयार्ड मेरियट में संपन्न हुआ। बैंक के महाप्रबंधक अतुल्य कुमार बेहरा ने कहा कि अटल पेंशन योजना कल्याणकारी है जिसके मुख्य 3 लाभ हैं -

1. ग्राहक को 60 वर्ष उपरांत निर्धारित पेंशन
2. ग्राहक की मृत्यु उपरांत जीवनसाथी को वही दर से पेंशन बिना अतिरिक्त अंशदान के
3. ग्राहक एवं जीवनसाथी की मृत्यु उपरांत नामीनी को एकमुश्त 1000/- पेंशन पर 1,70,000/- Corpus fund लगभग देय है। जो बहुत उपयोगी है।

कार्यक्रम का सफ ल मंच संचालन बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक प्रभु बेदी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न शाखा कार्यालय से क्षेत्रीय प्रबंधक, शाखा प्रबंधक, कार्यालय सहायक शामिल हुये। कार्यक्रम में विशेषकर सराहनीय योगदान के लिये बैंक मित्रा बैंक सखियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।

मित्रता हो तो श्री कृष्ण और सुदामा की तरह, पंडित अशोक शास्त्री

कवर्धा/नवप्रदेश। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के आज सातवें दिन व्यास कथा पंडित श्री अशोक शास्त्री महाराज वृंदावन धाम वाले ने श्रीमद् सुदामा चरित का वर्णन किया भगवान श्री कृष्ण और सुदामा के मिलन को लेकर कथा कही कथा में श्री कृष्ण और सुदामा की मिलन का दृश्य भी दिखाया गया जिसमें भक्तों की आंखें नम हो गई इसके साथ ही सभी भक्तों ने सुदामा पुटली बनाकर फल व प्रसाद चढ़ाया। कथा में आज छत्तीसगढ़ शासन मनरेगा के सदस्य कलीम खान नगर पालिका उपाध्यक्ष नगर जमीन खान सहित बड़ी संख्या में भक्त पहुंचकर कथा श्रवण का लाभ लिया हम आपको बता दें कि कवर्धा के वार्ड क्रमांक 19 में संतोष नामदेव पूर्व पार्षद के यहां भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया है कथा के सातवें दिन महाराज श्री अशोक शास्त्री जी ने बताया कि सुदामा की पत्नी ने सुदामा को भगवान श्री कृष्ण के पास जाने का आग्रह किया और कहा कि भगवान श्री कृष्ण दयावान हैं वह हमारी सहायता जरुर करेंगे।

सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सुदामा की पत्नी ने सुदामा को भगवान श्री कृष्ण के पास जाने का आग्रह किया और कहा कि भगवान श्री कृष्ण दयावान हैं वह हमारी सहायता जरुर करेंगे।

सुदामा ने संकोच भरे स्वर में अपनी पत्नी को कहा कि श्री कृष्ण एक पराक्रमी राजा हैं और मैं गरीब ब्राह्मण हूं मैं कैसे उनके पास जाकर सहायता मांग सकता हूं। सुदामा की पत्नी ने उत्तर दिया क्या हुआ मित्रता में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता। सुदामा श्री कृष्ण के पास जाने को राजी हो गए उसकी पत्नी पड़ोसियों से थोड़े थोड़े चावल मांग कर आई एवं सुदामा को वह चावल अपने मित्र को भेंट करने को कहा। सुदामा महल के बाहर ही खड़े होकर भगवान श्री कृष्ण की प्रतीक्षा करने लगे भगवान श्री कृष्ण सुदामा के पास पहुंचे एवं भगवान श्री कृष्ण सुदामा के मिलन का सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया।

1 दिन में 4 अलग अलग हादसे में 4 कई जान गई

बलौदाबाजार। बलौदाबाजार जिले में एक ही दिन में चार मौतें हुई हैं. कहीं बहू कातिल बनी, तो कहीं महिला का मर्डर, तो कहीं सुसाइड और कहीं नदी में लड़की ने छलांग लगा दी. इन 4 वारदातों से जिले में सनसनी फैल गई है. पुलिस चारों वारदातों की तफ्तीश कर रही है । दरअसल, पहली घटना बलौदाबाजार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करमनडीह में हुई. जहां खदान में नहाते वक्त गांव के ही व्यक्ति ने लाठी से मारकर महिला को घायल किया. इसके बाद चाकू से गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं दूसरी घटना सुहेला थानाक्षेत्र के ग्राम अमेरी में हुई. जहां बहू ने सास के रोज रोज के तानों और बच्चा न होने की उलाहनों से तंग आकर सास को मौत के घाट उतार दिया. घर में रखे रपली से ताबड़तोड़ वार कर मौत की घाट उतार दिया तीसरी घटना लवन चौकी थानाक्षेत्र के ग्राम पैंजनी की है. जहां तालाब में अज्ञात महिला की लाश मिली है, जो हत्या है या आत्महत्या कारण अज्ञात है. चौथी घटना सकरी बायपास में बीती रात्रि बलौदाबाजार से कार्यक्रम देख आटो में सवार होकर वापस जा रहे पलारी क्षेत्र के युवक दुर्घटना के शिकार हो गए, जिसमें एक की मौत हो गई।

मेरी कलम मेरी आवाज- कार्यशाला में पत्रकार परखेंगे अपनी संवाद कला

- **दुर्ग प्रेस क्लब के पत्रकारों के लिए जेसीआई दुर्ग-भिलाई की प्रभावी संवाद कला कार्यशाला 12 सितंबर को अविश एडुकोम में.**

दुर्ग/नवप्रदेश। व्यक्तित्व विकास व प्रशिक्षण में पूरे भारत ही नहीं विश्व में अग्राणी व शीर्ष क्रम में मानी जानी वाली संस्था जेसीआई इंडिया की दुर्ग-भिलाई इकाई दुर्ग प्रेस क्लब के पत्रकारों के लिए प्रभावी संवाद कला का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 12 सितंबर 2022 सोमवार को अविश एडुकोम आर्य नगर, दुर्ग के सभागार कक्ष में सुबह 11 बजे करने जा रही है । जेसीआई दुर्ग भिलाई के अध्यक्ष मोनीष अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2022 के जेसी सप्ताह में दूसरे कार्यक्रम के रूप में ''मेरी कलम, मेरी आवाज - हौसलों की उड़ान 2022'' का आयोजन एक ट्रेनिंग प्रोग्राम के रूप में किया जायेग जा रहा है । पूर्व अध्यक्ष जेसी रजनीश जायसवाल ने बताया कि हौसलों की उड़ान कार्यक्रम जेसीआई दुर्ग भिलाई का ध्वजवाहक ट्रेनिंग प्रोग्राम है, जिसे जेसीआई दुर्ग-भिलाई विगत 10 वर्षो से आयोजित करता आ रहा है। इंटरनेशनल बुक्स ऑफ रिकार्डस नामक संस्था में सर्वाधिक ऑनलाईन कार्यशाला का विश्व रिकार्ड भी जेसीआई दुर्ग भिलाई व हौसलों की उड़ान के नाम में दर्ज है।

जेसी सप्ताह 2022 परिंदे के संचालक जेसी सुरेंद्र खेतान ने बताया कि हौसलों की उड़ान को 2012 से लगातार आगे बढ़ाने का कार्य जेसी अनिल बल्लेवार जी कर रहे हैं, इस बार भी इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का संयोजन भी वही कर रहे हैं । कार्यशाला प्रोग्राम के मेंटर जेसी राजेश सांखला व जेसी रजनीश जायसवाल ने जानकारी दी की विगत वर्ष संवाद कला की कार्यशाला नगर निगम दुर्ग के पार्षदों के लिए की गई थी जो बेहद चर्चित व प्रशंसित रही थी, इस बार दुर्ग प्रेस क्लब के पत्रकारों के लिए इसे विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है । कार्यक्रम के इंचार्ज वीपी व डायरेक्टर जेसी आदित्य राठी, जेसी राकेश गोलछा तथा जेसी रामदेव टावरी जो पत्रकारों से निरंतर संपर्क में है ने बताया कि दुर्ग प्रेस क्लब के 40 से अधिक पत्रकारों ने इस कार्यशाला में रूची दिखाई है व सहभागी होने प्रारंभिक सहमति दी है । प्रिंट मिडिया, टीवी मिडिया, वेब पोर्टल हर तरह की मिडिया के पत्रकारों ने इस कार्यशाला में रुची दिखाई है । कार्यक्रम प्रभारी जेसी देवेश पुरोहित ने बताया कि यह कार्यशाला लोकतंत्र के चैथे स्तंभ की आवाज को और ज्यादा बुलंद और ज्यादा मुखर बनाने में सहयोगी होगी । उन्होने पत्रकारों से संपर्क कर इस कार्यशाला में पंजीयन कराने की अपील की है । जेसीआई के सचिव जेसी विवेक संघवी ने कार्यशाला के विषय वस्तु की जानकारी देते हुए कहा कि प्रभावी संवाद कला वास्तव में जेसीआई इंडिया का जनसंवाद का ही एक सुप्रसिध्द प्रशिक्षण कार्यशाला है, जिसमें प्रायोगिक उदाहरणों के साथ बेहतर संवाद की कला सिखाई जाती है।

जेसी अंकुर सिंघई, जेसी अनील अरोरा, जेसी सीए सुनील अग्रवाल जी कार्यशाला के प्रबंधन का कार्य संपादित कर रहे हैं। शहर के युवा व्यवसायी, समाज सेवी, मोटीवेटर व लाईफ कोच जेसी अनिल बल्लेवार कार्यशाला सुत्रधार के रूप में रहेंगे तथा जेसीआई इंडिया के नेशनल ट्रेनर व्दय जेसी प्रणय माहेश्वरी तथा जेसी नितेश केडिया के साथ इस वर्कशाप में बेहतर संवाद कला की ट्रेनिंग देंगे ।

कलिंगा में नव प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

नया रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय के डीन छात्र कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को अपने परिसर में बी. फार्मा प्रथम सेमेस्टर के नए छात्रों के लिए प्रथम चरण 2022 इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार और बरामदे में ढोल की थाप से छात्रों का जोरदार स्वागत किया गया।

इंडक्शन प्रोग्राम के दौरान कलिंगा विश्वविद्यालय के सभागार के प्रवेश द्वार पर नए छात्रों के लिए फूलों की वर्षा और तिलक किया गया। सरस्वती वंदना के साथ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय के बारे में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से छात्रों को संक्षिप्त जानकारी साझा की गई। पीपीटी के माध्यम से कलिंगा विश्वविद्यालय के अध्यक्ष, कुलाधिपति, कुलपति, महानिदेशक, रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार, डीन छात्र कल्याण, डीन अकादमिक मामलों के सभी गणमान्य व्यक्तियों का परिचय प्रस्तुत किया गया। महानिदेशक डॉ बायजू जॉन, कुलपति डॉ आर श्रीधर, उप रजिस्ट्रार श्री कुमार श्वेताभ, डीन छात्र कल्याण डॉ आशा अंभाईकर, डीन अकादमिक राहुल मिश्रा, अतिथि अध्यक्ष डॉ धनंजय बंथिया, विदेशी भाषा के सहायक प्रोफेसर श्री यंग सु चुंग और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया गया।

इसके बाद मार्केटिंग टीम लीडर्स, श्री अभिषेक शर्मा, निदेशिका प्रवेश, सुश्री काजल सिंह, सहायक निदेशिका विपणन, सुश्री सोनम दुबे और वरिष्ठ विपणन प्रबंधक श्री नवीन उपाध्याय का परिचय पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से किया गया।

औपचारिक उद्घाटन के बाद कलिंगा विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार श्री कुमार श्वेताभ ने स्वागत भाषण दिया. उन्होंने बताया कि कलिंग मध्य भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में से एक है। कुलपति डॉ आर श्रीधर ने प्रेरक भाषण प्रस्तुत किया। ऋतिक और समूह द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। महानिदेशक डॉ बायजू जॉन ने छात्रों को आशीर्वाद दिया। प्रेरक भाषण मुख्य वक्ता डॉ धनंजय बंथिया, बिजनेस कंसल्टेंट, सोशल एंटरप्रेन्योर और स्मार्ट एक्यूमेन कंसल्टिंग के संस्थापक द्वारा दिया गया। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, फोकस और ध्यान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यूट्यूब अपने आप में एक विश्वविद्यालय है क्योंकि सभी विश्वविद्यालयों के अपने यूट्यूब चैनल छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक सामग्री से भरे हुए हैं। उन्होंने हार्डवर्क और स्मार्टवर्क के बीच अंतर को विस्तार से बताया। विभिन्न प्रेरक कहानियों और उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए सही समय और सही जगह पर किए गए प्रयासों के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को प्रयास के महत्व का एहसास कराया और जोर देकर कहा कि कठिन परिश्रम करते रहना चाहिए जो उबाऊ लगता है। ऐसी उबाऊ मेहनत एक दिन सफलता की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि छात्रों को देर रात तक सोशल मीडिया का उपयोग करने से बचना चाहिए, जो उनका 90 प्रतिशत समय और ऊर्जा खराब करता है और इसके बजाय अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना है। डॉ बंठिया ने छात्रों के मित्र मंडली को ध्यान में रखने पर भी जोर दिया ताकि यदि वे अच्छे मित्र मंडली में हैं तो वे जीवन में निश्चित रूप से समृद्ध होंगे।

श्री यंग सु चुंग, विदेशी भाषा के सहायक प्रोफेसर और आईएमईआई, दक्षिण कोरिया के निदेशक ने छात्रों को संबोधित किया और उन्होंने छात्रों को खुले दिल से अध्ययन करने का आग्रह किया। कलिंगा विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र श्री श्लोक कदबे, वर्तमान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड में ग्रेड बीपी 01 के साथ फार्माकोविजिलेंस एसोसिएट के रूप में कार्यरत हैं, ने छात्रों को संबोधित किया।

विशेष रूप से तैयार गेम ट्यूनोलॉजी, का संचालन श्री कपिल केलकर और सुश्री श्रेया द्विवेदी के द्वारा किया गया। फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ संदीप तिवारी ने विभाग का परिचय दिया। श्री राहुल मिश्रा, डीन अकादमिक ने पाठ्यक्रम पर बहुमूल्य जानकारी दी। डॉ आशा अंभईकर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर की टीम ने किया। समारोह के मास्टर श्री कपिल केलकर और सुश्री श्रेया द्विवेदी थे, स्वागत दल के सदस्य सुश्री जैस्मीन जोशी और डॉ कोमल गुप्ता थे जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रबंधन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर द्वारा किया गया था।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवसाय साहू आ. स्व. नारायणलाल निवासी गांधी चौक बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम खोपली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 282, 1487 रकबा 0.0400, 0.8300 हे. भूमि जो कि स्व. नारायण लाल/ तिलकराम के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु नारायण लाल तिलकराम 3.7.21 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 6.9.22 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.8.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेहबूब खान आ. स्व. शेरखान निवासी पाउवारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाउवारा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 647 रकबा 84 वर्गमीटर भूमि जो कि स्व. शेरखान पिता के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु शेरखान पिता हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12.9.2022 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.8.2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय सेनानी, 20वीं (भा./र.) वाहिनी छसबल परसदा महासमुंद (छ.ग.)

क्रमांक-20वीं बटा./(भा/र)/छसबल/महा./सा.अ./A/821/-B / 2022, दिनांक 06/09/2022

संक्षिप्त निविदा सूचना

वाहिनी परिसर महासमुन्द में निर्मित आवास बैरक के ऊपर में प्रथम मंजिल (जवान आवास बैरक) निर्माण कार्य के लिए मुहरबंद निविदाएं, सेनानी 20वीं (भा.र.) वाहिनी छसबल महासमुंद द्वारा आमंत्रित किया जाता है। निविदाएँ पंजीकृत ठेकेदार भाग ले सकते हैं, दो लिफाफा पद्धति (लिफाफा ''अ'' टेक्नीकल बीड, एवं ''ब'' में फायनेंसियल बीड) से निविदा कार्यालय के टेण्डर बाक्स में डाला जा सकता है।

01 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय -	04.10.2022 समय 17.00 बजे तक
02 निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय -	05.10.2022 समय 10.00 बजे तक
03 निविदा खोलने की अँतिम तिथि व समय -	06.10.2022 समय 14.00 बजे तक
04 निविदा प्रपत्र का मूल्य -	750.00
05 कार्य की अवधि -	03 माह

क्र.	कार्य का नाम	कार्य का लागत	धरोहर राशि
01	निर्मित आवास बैरक के ऊपर में प्रथम मंजिल (जवान आवास बैरक) निर्माण कार्य	1507378.00	45300=00

टीप :- 01. नियम व शर्तें कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
02. निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जी-94079/2

सेनानी
20वीं (भा.र.) वाहिनी छसबल
परसदा, महासमुन्द (छ.ग.)

कृषि मंत्री के गृह ग्राम में धरना-प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

नियमितिकरण की मांग को लेकर कृषि मंत्री रविद्रं चौबे से मिले दैनिक वेतन भोगी

साजा/नवप्रदेश। राज्य दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी संघ के आव्हान पर आज राज्यभर के दैनिक वेतन भोगियों ने अपनी एक सूत्रीय मांग नियमितिकरण को लेकर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के मौहाभाठा (साजा) स्थित निवास कार्यालय में एक दिवसीय धरना देकर ज्ञापन सौपा गया। विदित हो कि राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा अपने जनघोषणा पत्र में अनेक वादें किये गये थे जिसमें सर्व प्राथमिकता के तौर पर सर्वप्रथम दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितिकरण करने का वादा किया गया था और कहा गया था कि सरकार के बनते ही 10 दिवस के भीतर दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण कर दिया जायेगा। किन्तु सरकार को बने साढ़े तीन वर्ष से अधिक समय हो जाने के उपरांत भी नियमितिकरण की कार्यवाही नहीं किया गया। वर्तमान विधानसभा सत्र के दौरान एक प्रश्न का उत्तर देते हुये मुख्यमंत्री द्वारा बताया गया कि विभागों से दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की जानकारी मंगायी जा रही तथा नियमितिकरण करने के संबंध में महाधिवक्ता से अभिमत मांग गया है, लेकिन खेद का विषय है कि उक्त दोनो कार्यवाही को किये हुये भी लगभग ढाई वर्ष से अधिक समय बीत चुका है।

अभी तक शासन के समस्त विभागों से जानकारी नहीं आ पायी और ना ही महाधिवक्ता से अभिमत। सरकार नियमितिकरण के वादें को लेकर सुस्त एवं निरंकुश रवैया अपना रही है जिससे राज्य के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों में अत्याधिक रोष व्याप्त है।

संघ द्वारा पूर्व में मो. अकबर, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू एवं अमरजीत भगत से भी नियमितिकरण के संबंध में जनसमूह के साथ मूलाकात किया गया, किन्तु उनके पास से भी केवल कोरा आश्वासन मिला हैं। सरकार द्वारा नियमितिकरण प्रक्रिया प्रारंभ नहीं करने एवं सुस्त रवैये को देखकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों स्वयं एवं उनके परिवार के भविष्य की चिंता सता रही है। क्योंकि इस महंगाई के दौर में अल्प वेतन पर परिवार का पालन पोषण कर पाना संभव नहीं है।

राज्यभर में लगभग 25 हजार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी कार्यरत है। इसीलिये आज पुनः नियमितिकरण के मुद्दे को लेकर राज्य के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों द्वारा रविन्द्र चौबे के निवास कार्यालय में ज्ञापन सौपकर उनके सरकार द्वारा नियमितिकरण के विषय पर चल रही कार्यवाही एवं कब तक नियमितिकरण की कार्यवाही पूर्ण होगी? की जानकारी प्राप्त करने एवं उनके ओर से नियमितिकरण का प्रस्ताव शासन के समक्ष रखने तथा नियमितिकरण की घोषणा करवाने के संबंध में मुलाकात कर ज्ञापन सौपा गया हैं।

कार्यक्रम में प्रातांध्यक्ष मिलाप चंद यादव, महामंत्री निशात राज दूबे, कोषाध्यक्ष दीपक दशमेर, सुरेन्द्र सिंह आसनी जिलाध्यक्ष बेमेतरा, संजय चन्द्रवंशी जिलाध्यक्ष कवर्धा, सुरेश चेचाम जिलाध्यक्ष मंगेली, रेखराज यादव जिलाध्यक्ष रायपुर, स्वीटी चंद्राकर जिलाध्यक्ष महासमुंद, स्वाती, सुमित झा, प्रवीण सिंह संभागीय अध्यक्ष सरगुजा, बलरामपुर से असर, मजहर सहित लगभग हजारों दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी शामिल हुये।

कार्य में बरती लापरवाही सचिव निलंबित, सीईओ ने की कार्यों की समीक्षा

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ ने कसडोल जनपद पंचायत सभा कक्ष में सचिवों सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों की कामकाज की समीक्षा की गयी।

इस दौरान ग्राम पंचायत मुरुमडीह के सचिव नरेन्द्र कुमार को पिछ्ले 1 महीने से गोबर खरीदी नहीं करने एवं जनपद के मीटिंग में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित कर दिया गया है। बैठक में सीईओ श्री वर्मा ने कहा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं में इस तरह की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में सर्वप्रथम गोठानो की समीक्षा की गई जिसमें ऐसे गोठान जहां पर अतिक्रमण है और ऐसे गांव जहां पर जगह नहीं है उनको जल्दी से जल्दी चालू कराने के निर्देश दिए गए

साथ ही प्रगति रथ गोठानो को 15 दिवस के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक गोठानो में प्रति दिवस 2 क्विंटल खरीदी के निर्देश दिए गए तथा वर्मी टांको को क्रमानुसार भरने के साथ ही सभी मैदानी कृषि अधिकारी को गोबर से वर्मी बनाने के अनुपात को सुधारने के निर्देश दिए गए है। ह्यइसके साथ ही 1 सप्ताह के भीतर जहां पर पंद्रह सौ पौधे नहीं लगे, वहां पौधे लगाने सुनिश्चित करने को कहा गया। उक्त बैठक में अतरिक्त जिला पंचायत सीईओ हरिशंकर चौहान, सीईओ हिमांशु वर्मा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

न्यूज

श्री गणेश की विशेष पूजा अर्चना में शामिल हुए योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। किसान नेता योगेश तिवारी विधानसभा क्षेत्र के गांवो के पंडाल में विराजमान विघ्नहर्ता श्री गणेश की विशेष पूजा अर्चना में शामिल हुए। इस दौरान समिति के सदस्यों ने किसान नेता का स्वागत व अभिनंदन किया। किसान नेता ने सभी गणेश समिति के सदस्यों से भगवान की प्रतिमा विसर्जन में एतिहात बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर साल विसर्जन के दौरान नदी और तालाबों में लोगों के डूबने की खबर मिलती हैं, इसलिए विसर्जन के दौरान विशेष सावधानी बरतते हुए हवा भरे ट्यूब का उपयोग करें। वही समिति के जिन सदस्यों को तैरना नहीं आता है, वे नदी और तालाब में गहरे पानी में ना उतरें।

लिलेश साहू बने रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव

खरोरा;/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री टहल सिंग साहू जी,अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू ,हस्त शिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू , छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक आंनद साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ-रायपुर संभाग के अध्यक्ष पवन साहू द्वारा लिलेश साहू को रायपुर संभाग युवा प्रकोष्ठ के संयुक्त सचिव के पद में नियुक्ति किया गया है। लिलेश साहू ने अपनी नियुक्ति पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ पदाधिकारीयो का आभार जताते हुए विश्वास पर खरा उतरने का विश्वास दिलाया।

अनंत चतुर्दशी पर गणेश दर्शन पर निकले विजय

नवागढ़/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम, अंधियारखोर, अतरिया, झालम, हरदी, छीरहा, नांदल,में अनंत चतुर्दशी के पर्व में गणेश पूजा कार्यक्रम में विजय बघेल डायरेक्टर अंत्यावसायी सहकारी वित्त विकास निगम शामिल हुए।इस अवसर पर उन्होंने कहा सनातन धर्म में भगवान गणेश को बुद्धि, वाणी, विवेक और समृद्धि के देवता माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है गणेश पूजा से सभी तरह की परेशानियां खत्म हो जाती है। इस अवसर पर छीरहा में संतोष साहू, सातानंद सिह, विक्रम सिंह, आदर्श सिंह, रिंकू सिंह, जयप्रकाश शर्मा, रूपेंद साहू, भूपेंद जायसवाल सहित नवयुवक गणेशोत्सव समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

मोटर सायकल सहित समर्सिबल मोटर पंप एवं गैस सिलैडर चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेरला पुलिस को 8 सितंबर को ग्राम सरदा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना मिला की एक नीले रंग के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलएस 3865 में बैठकर 2 व्यक्ति आये है और एक पुरानी स्तेमाली एक एचपी का समर्सिबल मोटर पंप तथा एक इंडेन गैस सलेडर लेकर आये है और आसपास के लोगों के पास बिक्री करने के फिराक में घुम रहे है की सूचना पर ग्राम सरदा पेट्रोल पंप के पास जाकर मौका तस्दीक किया तो 2 संदेही व्यक्ति बेरला बेमेतरा मेन रोड सरदा बुचीडीह के पेट्रोल पंप के पास संदिग्ध हालत में मिला, अपने हाथ में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलएस 3865 के सामने टंकी में एक एक एचपी का समर्सिबल मोटर पंप तथा मोटर सायकल के पीछे एक व्यक्ति एक इंडेन गैस सलेडर को लेकर बैठा था।

जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पकडकर पुछताछ करने पर अपना नाम मोहन कुमार घितोडे पिता शंकरलाल घितोडे उम्र 25 साल साकिन खपराडीह धीवनडीह थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार हाल कातलबोड थाना व जिला बेमेतरा, मुकेश बंजारे पिता बलदाउ बंजारे उम्र 21 साल साकिन कातलबोड थाना व जिला बेमेतरा का रहने वाला बताये तथा एक एचपी का समर्सिबल मोटर पंप तथा एक इंडेन गैस सिलेंडर पुरानी इस्तेमाली को चोरी कर बिक्री करने के फिराक में आना बताया।

8 सितंबर के 2 सप्ताह पहले मोहन घीतोडे ने अपने दोस्त ग्राम कातलबोड निवासी ईश्वर भारती के मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलएस 3865 को मांगकर लाये फिर उसी मोटर सायकल से मोहन कुमार घितोडे और मुकेश बंजारे दोनो साथ मिलकर रात्रि में ग्राम कातलबोड के धान खरीदी केन्द्र में लगे बोरवेल्स से एक एचपी का समर्सिबल मोटर पंप को चोरी करना तथा उसके एक सप्ताह बाद उक्त मोटर सायकल से दोनों ग्राम बालसमुंद जाकर मोहन घीतोडे के साथ पुनः ग्राम बालसमुंद के चौक पास एक चिकन दुकान का ताला तोडकर अंदर रखे इंडेन कंपनी के गैस सिलैडर को चोरी करना बताया। चोरी किये एक एचपी का समर्सिबल मोटर पंप एवं गैस सिलैडर को ग्राम सरदा में ब्रिक्री हेतु ग्राहक तलास करना बताये।

उक्त घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल कीमती करीबन 20 हजार रूपये, समर्सिबल मोटर पंप कीमती करीबन 10 हजार रूपये, सिलैडर कीमती करीबन 3 हजार रूपये, जुमला किमती करीबन 33 हजार रूपये को धारा 41(1+4) जाफौ, 379, 34 भादवि में जप्त किया गया। आरोपी मोहन कुमार घितोडे, मुकेश बंजारे को 8 सितंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

नड्डा के कार्यक्रम में नवागढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने दिखाया शक्ति प्रदर्शन

बड़ी संख्या में शामिल होकर दिया नए समीकरण का संदेश

नवागढ/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रवास पर रायपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान के नेतृत्व में नवागढ़ विधानसभा से भाजपा के मण्डल, शक्ति केन्द्र, बूथ एवं विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता व नेता लगभग 500 से भी अधिक संख्या में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम में विकास दीवान सहित सभी नेताओं ने ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाकर विधानसभा के कार्यकर्ताओं की ताकत रायपुर में दिखाई।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष फिरतुराम साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, सहकारिता संयोजक नरेन्द्र शर्मा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष बबलू राजपूत, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे व जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ जगजीवन खरे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, पूर्व जनपद सदस्य निमिराज सोनवानी, पंचायत प्रकोष्ठ संयोजक हरिकिशन कुर्रे सहित विधानसभा के वरिष्ठ नेताओं क्षेत्रभर से कार्यकर्ताओं को एकत्रित किया।

इसे बड़े सम्मेलन को लेकर भाजपा सप्ताह भर से तैयारी कर रही थी। शुक्रवार को भाजपा नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या के चार पहिया निजी वाहनों के काफिले के साथ नवागढ़ बस स्टैंड में नारेबाजी उपरांत रायपुर के लिए रवाना हुए। वहीं मारो एवं खण्डसरा मण्डल से भी चारपहिया वाहनों की फौज इसमें शामिल हुई।

इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा कि नवागढ़ विधानसभा से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ रायपुर पहुंचे थे। सभी ने प्रदेश सरकार एवं नवागढ़ में कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर दीपक तिवारी, फिरन्ता राम साहू, होरिलाल सिन्हा, सुभाष सोनी, दुर्गा सोनी, प्रदीप शुक्ला, मिन्टू बिसेन, सुरेश साहू, लक्ष्मी वर्मा, कृष्णा ठाकुर, युपेश साहू, मुचकुंद राजपूत,सुरेश निषाद,मनी साहू, टीकम पूरी गोस्वामी, तनु दीवान, उमा मिश्रा, सरिता कुम्भकार, बिनो सोनकर, धनीराम निर्मलकर, अभिषेक राजपूत, गजेन्द्र साहू, फूलचंद साहू, महेश टण्डन, कुलेश्वर सिन्हा, कृष्णा ध्रुव, मोनू गोस्वामी,अश्वनी साहू, रामकुमार देशलहरा, मिथलेश सोनकर, भागवत सोनकर, सुरेश साहू, जितेन्द्र मात्रे, काल्विन जोशी, त्रिलोक साहू, विजय डहरिया, वीरेन्द्र घृतलहरे, रामकिशुन साहू, केदार साहू, नरेश वर्मा, बालशंकर वर्मा, दुर्जन साहू, मोहन चेलक, तोपसिंह साहू, महेंद्र जायसवाल, शोभित साहू, बाबूराम रजक, मोहन बघेल, वेदराम साहू, नरेंद्र बंजारे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

दावेदारो दिखाई ताकत, कद्दावर की नींद उड़ी

उल्लेखनीय है कि आने वाले साल में विधानसभा चुनाव है। नवागढ़ विधानसभा के अंतर्गत नवागढ़, मारो, नांदघाट, सम्बलपुर, दाढ़ी, छिरहा, खण्डसरा, चंदनु, अँधियारखोर, मुरता, गाड़ामोर आदि शक्तिकेन्द्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे थे। नवागढ़ विधानसभा से चुनाव लड़ने के इच्छुक तमाम संभावित दावेदार बड़ी संख्या में अपने साथ कार्यकर्ता लेकर रायपुर पहुंचे थे। वहां उन्होंने जमकर शक्ति प्रदर्शन भी किया। कुछ नेताओं ने रायपुर में पार्टी के बड़े पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। इस संख्या बल ने विधानसभा के पुराने नेता की नींद उड़ा दी है, संगठन में जिस तरह बदलाव का दौर चल रहा है संकेत है कि विधानसभा में भी सम्भवतः भाजपा के चेहरे में बदलाव दिखेगा।

लक्ष्मी प्रसाद वर्मा के डीआईजी बनने परे दी बधाई

ह्यंभाटापाा/नवप्रदेश। नगर सेना मुख्यालय रायपुर का नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ मुख्यालय अटल नगर नवा रायपुर छत्तीसगढ़ में लक्ष्मीप्रसाद वर्मा सीनियर स्टॉफ आफिसर को अतिरिक्त प्रधान सेनानी के पद पर पदोन्नत होने पर नगर सेना मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक अरूण देव गौतम (भा.पु.से.), मयंक श्रीवास्तव, निदेशक (भा.पु.से.) अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएँ तथा एसडीआरएफ द्वारा स्टार लगाकर बैज सेरेमनी की कार्यवाही कर बधाई दी।

ज्ञात हो कि श्री वर्मा भाटापारा के समीपस्थ ग्राम मोपका निवासी है वे वर्ष 2000 बैच के अधिकारी है बेसिक प्रशिक्षण पण्डित जवाहर लाल पुलिस एकेडमी सागर तथा आधारभूत प्रशिक्षण प्रशासन अकादमी भोपाल के उपरान्त प्रारंभिक पोस्टिंग जिला सेनानी दन्तेवाड़ा के पद पर हुआ जहां लगभग 10 वर्षो तक बस्तर में अपनी सेवाओं के दौरान दन्तेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर व नारायणपुर में नवीन कार्यालय की स्थापना व जवानों की भर्ती, वर्ष 2006-07 में कोंटा सुकमा में आई भीषण बाढ़ के दौरान भारतीय वायुसेना के साथ मिलकर रेस्क्यू कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने का उल्लेखनीय कार्य किया गया। वर्ष 2010 में कमाण्डेन्ट, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान नगर सेना माना कैम्प रायपुर के पद पद पदोन्नत हुये । वे लगभग 08 वर्षो तक संभागीय सेनानी रायुपर तथा सितम्बर 2018 से सीनियर स्टॉफ आफिसर के पद पर नगर सेना मुख्यालय में सेवाएं दे रहे है। अग्निशमन को नगरी प्रशासन से नगर सेना में हस्तांतरित करने में इनका उल्लेखनीय योगदान रहा । इन्हें वर्ष 2020 में सराहनीय सेवा के लिए भारत के राष्ट्रपति का नागरिक सुरक्षा पदक से पुरूस्कृत किया गया। वर्ष 2011 तथा वर्ष 2021 में आपदा एवं बचाव कार्य का नेतृत्व करने के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय , महानिदेशक नई दिल्ली का DG DISC °ß´ COMMENDATION CERTIFICATE से सम्मानित भी किया गया है।

कांग्रेस नेता प्रभा निर्वाणी के घर के सामने खड़े ट्रेक्टर की बैटरी चोरी

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गांवों में लोग अपने घरों मे कुंडियां इसलिए लगा देते थे कि कहीं कोई जानवर घर न घुस जाए और अभी भी आम तौर पर चाहे खेतो में काम के लिए तड़के भोर होने से पहले जाना हो या शाम गांव में लगे बाजार हाट जाना हो, घरों में कुंडियां तो लगती हैं पर ताले नहीं पड़ते। इंटरनेट और नशे की लत ने बच्चों और अब उन गाँव को सिर्फकहानी बना कर छोड़ दिया। मोबाइल के नेट चार्ज करने के लिए या नशा करने के लत के कारण किसी भी अनैतिक राह पर चलने को तैयार बैठे युवाओं की अगर सही काउंसिलिंग नहीं की गई तो स्थिति आगे चल कर भयावह हो सकती हैं। मामला है पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रभा निर्वाणी के नवगांव स्थित पेट्रोल पंप में बीते रात खड़ी हुई ट्रेक्टर के बैटरी चोरी कर ले जाने का, इस आशय की रिपोर्ट पेट्रोल पंप में कार्यरत कर्मचारी कमलेश साहू और रोहित सोनी ने बेमेतरा थाने में कराई हैं। ग्रामीण अंचल में बैटरी चोरी, मोबाइल चोरी की घटनाये अप्रत्याशित तौर पर बढ़ गईं है।

प्रांतीय अधिवेशन को लेकर कुर्मी समाज की आज बैठक

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कुर्मियों को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए कुर्मी संझा और छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रीय समाज का प्रांतीय अधिवेशन महासमुंद में आयोजित किया जाना है। इस सिलसिले में 11 सितंबर रविवार को दोपहर एक बजे छत्तीसगढ़ स्कूल में बैठक रखी गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू कुर्मी समाज के अध्यक्ष विनोद सेवनलाल चंद्राकर, दुर्ग सांसद विजय बघेल व ह्ययुवा कुर्मी मित्र मंडल भिलाई नगर के अध्यक्ष राजेश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि कुर्मी संझा और छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रीय समाज का प्रांतीय अधिवेशन प्रतिवर्ष राज्य के भिन्न-भिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाता है। इस साल यह कार्यक्रम महासमुंद में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसकी तैयारी में समाज के सेवनलाल चंद्राकर, दाउलाल चंद्राकर, केशव चंद्राकर, डा रश्मि चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर, अरूण चंद्राकर, नुकेश चंद्राकर, प्रकाश चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, अमर चंद्राकर, चमन चंद्राकर, मगन चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, पुष्कर चंद्राकर, चुड़ामणी चंद्राकर, अमन चंद्राकर, राजू चंद्राकर, ईश्वर चंद्राकर, धर्मेंद्र चंद्राकर, शंकरलाल चंद्राकर, गौरव चंद्राकर, सुरेखा चंद्राकर, अन्नू चंद्राकर, तारा चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, पुष्पा चंद्राकर, शशि चंद्राकर आदि लोग जुटे हुए हैं।

'पढ़व कतको बेर कोनो मेर' विषय पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

भटगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत साक्षरता सप्ताह के द्वितीय दिवस को पढ़व कतको बेर कोनो मेर विषय पर आधारित संगोष्ठी सह परिचर्चा का आयोजन जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बलौदाबाजार - भाटापारा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार सुमन वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षाविद एस. एम. पाध्ये डॉ. निशा झा रमाकांत झा, वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल एवं सीईओ रूही टेम्भुरकर के उपस्थिति में हुआ। अभिनंदन एवं साक्षरता प्रेरणा गीतों के माध्यम से इस कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। परिचर्चा में सरिता ठाकुर ने शिक्षा एवं साक्षरता के निरंतर सीखने व सतत् प्रयास पर बल देते हुए विभिन्न उदाहरणों से मार्गदर्न स्वरूप विचार प्रस्तुत किए।

दैनिक जीवन में डिजिटल नवसाक्षरों को हर परिवेश से आगे बढ़ने की प्रेरणा दिए व कौशल विकास से विभिन्न आजीविकाओं, आसपास के वातावरण में रहकर विभिन्न सोशल मिडिया के बारे में मार्गदर्शन किया। सुमन वर्मा ने साक्षरता केवल पढ़ना लिखना ही नहीं बल्कि व्यवहारिक जीवन में परिवर्तन लाना ही साक्षरता है एवं शिक्षा के बढ़ते सोपान आदि से प्रेरणा लेने की बात कही।

उसी तरह रिटायर्ड प्रोफेसर एवं शिक्षाविद एस.एम. पाध्ये ने व्यवहारिक ज्ञान व साक्षरता पर विचार रखें तथा वास्तविक पहुओं पर बात रखी। इसी तरह अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस दौरान जिला परियोजना अधिकारी आर. सोमेवर राव ने नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के मुख्य लक्ष्य,उद्देश्य, गतिविधियों, समस्त नवाचारी बिन्दुओं पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। साथ ही परिचर्चा में उपस्थित छात्रों को

कम्प्यूटर, एंड्राइड मोबाईल, डिजिटल साक्षरता संचालन के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास, चुनावी साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, विधिक साक्षरता, श्रेष्ठ पालकत्व, आत्मरक्षा अधिनियम के सम्बंध मे भी जानकारी दी गयी। इस दौरान आभार प्रकट सहायक संचालक बरत राम पटेल के द्वारा किया गया। उक्त मौके पर प्राचार्य रितु शुक्ला, नवीन कुमार प्रोग्रामर, सालिक राम पटेल भृत्य, स्कूल के बच्चे एवं अनेक संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सुगम सहज यातायात सप्ताह केम्प का लोग उठा रहे हैं फायदा

पहले तीन दिनों में 728 लोगों ने बनवाया लायसेंस

भाटापाराः/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल के निर्देशन में भाटापारा में उप पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत कुजूर की उपस्थिति में सुगम सहज यातायात सप्ताह की शुरुवात रेल्वें सायकल स्टैंड के सामने से हुई,जिसका नगर वासियो ने भरपूर फायदा उठाया,जिसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहले तीन दिनों में ही 617 वाहनों की प्रदूषण जांच और 728 लोगो का ड्राइविंग लायसेन्स तथा 11 वाहनों का बीमा कराया गया।वही पहले दिन ही दु पहिया वाहन के सभी कागजात पूर्ण रखे हेलमेट पहने ग्राम रोहरा के वाहन चालक सुखदेव निषाद को डीएसपी अमृत कुजूर ने पुरुस्कृत भी किया था।

भाटापारा शहर में यातायात पुलिस के द्वारा दाल मिल एशोसिएशन के सहयोग से

सुगम सहज यातायात सप्ताह का आयोजन गुरुवार से चालू हुआ जो कि 14 सितंबर तक शहर के प्रमुख स्थानों पर अलग अलग दिन प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। यातायात सप्ताह की शुरुवात गुरुवार को रेल्वें स्टेशन सायकल स्टेशन के सामने से हुई। पहले दिन ही दुपहिया वाहन चालकों के 150 लर्निंग लायसेंस बनाये गए वही 228 वाहनों की प्रदूषण जांच भी की गई। दूसरे दिन 297 वाहन चालकों ने लायसेंस बनवाया ,176 वाहनों की प्रदूषण जांच की गई तथा 11 वाहनों का बीमा कराया गया। तीसरे दिन शनिवार को 213 वाहनों की प्रदूषण जांच और 281 लोगो का लाइसेंस जारी किया गया। सभी आवेदकों को ड्रायविंग लायसेंस सरकारी शुल्क 355 रुपये में तत्काल स्पॉट पर बना कर दिया गया तो वही दु पहिया वाहनों की 40 रुपये में और चार चक्का वाहनों की 80 रुपये में प्रदूषण जांच कर प्रमाण पत्र दिया गया। आयोजन के पहले दिन ही यातायात डीएसपी अमृत कुजूर ने यातायात निरीक्षक नरेश चौहान और नरेश कांगे की उपस्थिति में ग्राम रोहरा निवासी सुखदेव निषाद को पुरस्कृत किया गया जो दू पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने,बीमा कागजात ,ड्रायविंग लायसेंस,प्रदूषण प्रमाण पत्र के साथ मिला ,उन्हें ससम्मान अस्थाई केम्प में बुलाकर पुरस्कृत किया गया।

तनाव प्रबंधन के माध्यम से रोकी जा सकती हैं आत्महत्या की घटनाएं : डॉ. सराफ

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिंदगी को जी कर देखिए, यह बहुत खूबसूरत है। ऐसे ही संदेश के साथ जिंदगी के प्रति उत्साह जगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल, पुलिस थाना और स्कूल-कॉलेज जैसी जगहों पर लोगों को समझाया जा रहा है कि तनाव को भूल जाइए और फिर देखिएए जिंदगी कितनी खूबसूरत है।

आत्महत्या की दर को नियंत्रित करने के उद्देश्य से हर वर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर तनाव प्रबंधन, आत्महत्या की घटना के लिए जिम्मेदार प्रमुख कारणों तथा इससे बचाव के प्रभावशाली उपायों पर चर्चा कर जागरूकता का प्रयास किया जाता है, ताकि आत्महत्या की घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके तथा अवसाद से पीड़ित को सकारात्मक वातावरण देकर असमय मौत का रास्ता अपनाने से रोका जा सके। यह दिवस इस वर्ष क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन यानी गतिविधि के माध्यम से आशा का संचार करना थीम पर मनाया जाएगा।

सांसों की गति से मिलता है संकेत

तनावपूर्ण दशा में पीड़ित काफी तेजी से या काफी छोटी सांसें लेता है, लेकिन तनावमुक्त रहने पर वह आराम से धीरे-धीरे सांस लेता है। यानी तनाव की स्थिति में पीड़ित को धीरे-धीरे और लंबी सांस लेने पर जोर देना चाहिए।

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया: अवसाद, आत्महत्या का मुख्य कारण होता है। इस पर नियंत्रण के लिए मानसिक स्वास्थ्य की सेवाएं हर जिला अस्पताल के स्पर्श क्लिनिक में निःशुल्क उपलब्ध हैं। वहीं प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तैनात चिकित्सकों को मानसिक रोगियों की पहचान एवं उपचार के लिए निमहांस द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। इसके अतिरिक्त मितानिन को भी मानसिक रोगियों की पहचान करने का प्रशिक्षण दिया गया है। सबसे अच्छी बात यह है कि मानसिक रोगियों की पहचान गुप्त रखी जाती है, क्योंकि इस रोग से बहुत.सी नकारात्मक भ्रांतियां भी जुड़ी हुई हैं। मानसिक अवसाद या मानसिक तनाव का पूर्ण रूप से उपचार किया जा सकता है। इसके लिए अपने परिवार, मित्र एवं मनोरोग विशेषज्ञ की मदद लेकर तथा उनके द्वारा बताए गए उपायों को अपनाकर मानसिक तनाव से बचा जा सकता है।

इस बारे में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के सह प्राध्यापक एवं मनोरोग विभाग प्रमुख डॉ. एएस सराफ ने बताया: आत्महत्या से जुड़ी घटनाओं के अध्ययन में अधिकांशतः यह पाया गया है कि मादक पदार्थों का सेवनए जुए की लत, गरीबी, बेरोजगारी, पारिवारिक समस्या, मानसिक विकार, कार्यक्षेत्र में असफलता, प्रेम प्रसंग में असफलताए अवसाद, अपने प्रियजनों की आकस्मिक मृत्यु या उनसे दूरी, सामाजिक निरादर एवं उपेक्षा तथा घातक रोग एवं यौन शोषण जैसे विषय ही आत्महत्या का कदम उठाने के प्रमुख कारण हैं, जबकि तनाव प्रबंधन के माध्यम से आत्महत्या की घटनाओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि आत्महत्या रोकथाम के लिए सबसे पहले पीड़ित के लक्षणों को पहचानना जरूरी है। किसी के मन-मस्तिष्क में यदि नकारात्मक विचार पनप रहे हों तो इसके लक्षण किसी न किसी रूप में सामने आ ही जाते हैं। इसके अलावा अकेलापन महसूस करना, अकेले में समय बिताना, दिनचर्या एवं खान-पान में परिवर्तन, सही गलत की पहचान न होना, अत्यधिक मदिरा सेवन एवं अपने आप को निम्न कोटि का समझने वाले लोगों में भी आत्महत्या के विचार आ सकते हैं इसलिए ऐसे व्यक्तियों के लक्षणों को पहचान कर विशेषज्ञों से परामर्श लेने पर आत्महत्या की घटना को रोका जा सकता है।

यह हैं एनसीआरबी के आंकड़े

एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) 2021 के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में 1 लाख लोगों में 26.4 लोग आत्महत्या करते हैं, जबकि पूरे भारत में 1 लाख की आबादी पर यह औसत 12 है। छत्तीसगढ़ की यह संख्या राष्ट्रीय औसत के दोगुने से भी ज्यादा है। इसको कम करने के लिए ही आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है और इस दिवस पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी आत्महत्या रोकथाम हेतु विशेष प्रयास किये जा रहे हैं जिसके क्रम में सरकार द्वारा स्पर्श क्लिनिक की स्थापना की गयी है। इन क्लीनिकों के माध्यम से आत्महत्या का प्रयास करने वाले एवं अन्य मानसिक समस्याओं से जूझ रहे व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है और उनको एक बेहतर जीवन देने का प्रयास किया जा रहा है

परेशानी छिपाकर न रखें

अपनी किसी भी परेशानी को दबाकर या छिपाकर न रखें, बल्कि इसे अपने परिवार या दोस्तों के साथ साझा करें। वहीं परेशानी समझने के बाद परिवार वालों एवं दोस्तों का यह कर्तव्य है कि उस परेशानी का निराकरण करने का प्रयास करें। अगर व्यक्ति के अंदर आत्महत्या के विचार आ रहें हैं तो उसको ऐसे विचार त्यागने को कहें ऐसे व्यक्ति के साथ रहें और उसके साथ समय बिताएं। ऐसे व्यक्ति को समझाएं कि आप हमेशा उसके साथ हैं और ऐसे विचार अपने मन में न लाएं। साथ ही ऐसे व्यक्ति का हमेशा ध्यान रखें वह क्या करता है, कहां जाता है, किससे बात करता है, क्या बात करता है उसकी बातों को सुनें एवं उसके लिए जो भी आवश्यक हो वह करें। मानसिक एवं अन्य परेशानियों के लक्षण पाए जाने पर तुरंत पर मानसिक रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

इस वर्ष पितृपक्ष सोलह दिन का

खरोरा/नवप्रदेश। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को पितर पक्ष इस वर्ष शनिवार को प्रारंभ हो रहा है। देव पंचांग के अनुसार सप्तमी तिथि दो दिन पडने के कारण सोलह दिन का यह पितर देव पर्व को मनाया जाएगा। 19 सितंबर सोमवार को मात्र नवमी तथा 25 सितंबर रविवार को पितृ मोक्ष हो जाएगा। यह पितृपक्ष का त्यौहार पूरे भारत देश में मनाया जाता है। पंडित सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि पुत्र अपने दादा दादी माता पिता को जौं तिल चावल कुशा से जलांजलि, तिलांजलि देकर प्रसन्न करते हैं। पुराणों में कहा गया है पूरे पितृ पक्ष में पितर देवता धरती में आकर विराजमान हो जाते हैं। और अपने वंशजों के द्वारा दिए गए पान प्रसाद हूम धूप को प्रत्यक्ष प्राप्त करते हैं, और अपने वंश को आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पितृ पक्ष में पितर देव गौऊ, कौवा, कुत्ता को भोजन देने से तृप्त होते हैं। यदि वंशधर लोग पितर की मृत्यु तिथि को ब्राह्मण भोज कराता है, तो पितर देव अत्यंत खुशी होकर तृप्त हो जाता है। नवमी तिथि को गयाजी में यदि मय दांपत्य माता पिता का श्राद्ध कराते हैं, तो सात पीढ़ी तक पितर देवता तृप्त हो जाता है। गयाजी में तीन दिन में सात पिंड कराने होते हैं। प्रथम दिन सीता कुंड और फल्गु नदी में। दूसरा दिन बोध गया, प्रेतशिला और रामकुंड में और तीसरा दिन अक्षय वट और विष्णुपद में इस प्रकार तीन दिन में सात पिंड कराने से माता-पिता के तीन पीढ़ी का उद्धार हो जाता है। पिता, पितामह, वृद्ध पितामह और माता, मातामह वृद्ध मातामह का तथा सातवां स्वयं को पितृ ऋण से मुक्ति मिल जाती है ।

वाहनों से डीजल चोरी करने वाले 3 अलग-अलग प्रकरणों के 2 आरोपी गिरफ्तार

- घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन व 6 नग जरीकेन सहित 10 लाख रुपये जब्त

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिले के थाना बोड़ला के चौकी पोड़ी में अंधेरे का फायदा उठाकर सुनसान रोड में खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करने की वारदात 07 माह पूर्व अंजाम दिया गया था जिसमें 14 चक्का ट्रक से डीजल चोरी करने एवं 02 माह पूर्व दो अलग-अलग ट्रक से डीजल चोरी करने की रिपोर्ट प्रार्थी गण के द्वारा चौकी पोड़ी थाना बोड़ला में दर्ज कराया गया था। जिस पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 379 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चौकी प्रभारी के द्वारा उक्त घटना की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी गई। जिस पर कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला श्री जगदीश उइके के मार्गदर्शन व थाना बोड़ला प्रभारी निरीक्षक व्यास नारायण चुरेंद्र के दिशा निर्देश पर चौकी पोड़ी प्रभारी उप. निरीक्षक श्री नवरत्न कश्यप के द्वारा विशेष टीम गठित कर आरोपियों के पता तलाश हेतू जिले में व जिले से बाहर अलग-अलग टीम बनाकर रवाना किया गया, साथ ही तकनीकी शाखा को भी आवश्यक निर्देश दिये गये। जिस पर जल्द ही टीम को आरोपियों के विषय में मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ जिनसे संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर संदेही सूर्य कुमार बघेल पिता महत्तरा बघेल उम्र 28 साल साकिन बिरगहनी

थाना बलौदा जिला जांजगीर चांपा वर्तमान निवासी इमली भाटा आवास बंधवापारा थाना सरकंडा जिला बिलासपुर से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया जो मेमोरेंडम कथन में बताया कि दिनांक-29.01.22 को बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 10 बी.जे. 0834 से पोड़ी आकर असलम टायर दुकान के पास खड़े 14 चक्का ट्रक के डीजल टंकी के ताला को तोड़कर टंकी में पाईप लगाकर 220 लीटर डीजल चोरी कर चोरी किये डीजल को बरेला थाना जरहागांव जिला मुंगेली के शेष नारायण उर्फ गोलू साहू पिता ईश्वरी साहू के पास 80 रुपये के दर से 17,600 रुपये में बेच दिया एवं 03.07.22 को फिर पोडी आकर वर्मा पेट्रोल पंप के पास खड़े एक ट्रक से डीजल टंकी का ताला तोड़कर टंकी में पाइप लगाकर 360 लीटर डीजल एवं असलम टायर दुकान के पास खड़े ट्रक के डीजल टंकी का ताला तोड़कर टंकी में पाइप लगाकर टंकी से 315 लीटर डीजल चोरी करना बताएं चोरी किये डीजल को बिलासपुर रोड में अज्ञात ट्रक ड्राइवर को बेचना स्वीकार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन सी.जी. 10 बी.जे. 0834 कीमती करीबन 10 लाख रुपये एवं 6 नग जरी केन दो नग चाडी 01 नग पाईप एवं नगदी रकम 7500 रुपये पेश करने पर जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ उचित वैधानिक कार्यवाही किया क्या जिसमें आरोपी सूर्य कुमार बघेल द्वारा डीजल चोरी करना स्वीकार करने एवं शेष नारायण साहू द्वारा चोरी के डीजल को खरीदना स्वीकार करने पर 09 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। न्यायलय ने आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया। उक्त कार्यवाही में चौकी पोड़ी प्रभारी उप. निरीक्षक नवरत्न कश्यप, सहायक उप.निरीक्षक राज कुमार चंद्रवंशी, प्रधान आरक्षक लवकेश खरे, बलदाऊ सत्यवंशी, राजपाल, आरक्षक राहुल कश्यप, चालाक आरक्षक आसिफ खान एवं साइबर सेल प्रभारी सहायक उप.निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी, प्रधान आरक्षक शमशेर अली का सराहनीय योगदान रहा।

कबीरधाम पुलिस की पहल महिला सेल में शांति कक्ष का किया शुभारंभ

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिले के पुराना पुलिस लाइन में स्थित महिला सेल के अतिरिक्त कमरे को पुलिस अधीक्षक कबीरधाम डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के कुशल मार्गदर्शन में शांति कक्ष के रूप में परिवर्तित किया गया हैं। उक्त सफेद रंग के कमरे में जमीन पर आसन बिछाया गया है, जिसमें कपूर की धीमी खुशबू बिखरी हुई है, तथा धीमी आवाज में ध्यान वचन स्पीकर के माध्यम से संचालित किया गया है। जो मन को शांत और एकाग्र रखता है। उक्त शांति कक्ष का आज पुलिस अधीक्षक के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों के साथ शांति कक्ष में बैठकर ध्यान लगाया गया।

पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह द्वारा उपस्थित महिला सेल टीम को निर्देशित किया गया कि महिला सेल में आने वाले विभिन्न आवेदन पत्रों के आधार पर निर्धारित तिथि के दौरान काउंसलिंग के लिए उपस्थित होने वाले दंपत्ति/अन्य पीड़ित पक्ष के द्वारा महिला सेल टीम के समक्ष आने पर अत्यंत उत्तेजना पूर्ण एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप किया जाता है। जिसका परिणाम भी विचलित और चिंतित मन के कारण बुरा ही निकलता है, जिस का विशेष ध्यान रखते हुए शांति कक्ष का शुभारंभ किया गया है। जब भी काउंसलिंग के लिये किसी भी पक्ष को बुलायें तो सर्वप्रथम उन्हें शांति कक्ष में बैठा कर उनके विचलित और तनाव भरे मन को शांत करने हेतु ध्यान एवं मेडिटेशन करायें। जिससे वह काउंसलिंग कराने वाले अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या को शांतिपूर्ण बताये तथा कुछ पूछने पर उसका जवाब सही सही दे, ना कि एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करे, तभी वह एक सफल निर्णय तक पहुंच पायेगें। जिससे आनेको विवाद को शांतिपूर्ण सुलझाने तथा घरों को टूटने से बचाने में महिला सेल पुलिस टीम को सफलता प्राप्त होगी कहा गया।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे, चौकी बाजार चारभाटा प्रभारी उप.निरीक्षक सुश्री शांता लकड़ा एवं महिला सेल पुलिस टीम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

रायपुर डीईओ की जिम्मेदारी आरएल ठाकुर को राजनांदगांव में राजेश सिंह

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के नये जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने आज प्रातः जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर कार्यभार ग्रहण किया। छग शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला रायपुर के कार्यालयीन आदेश दिनांक 08.09.2022 के परिपालन में अधिकारी राजेश सिंह ने राजनांदगॉव जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदभार ग्रहण किया है। उल्लेखनीय है कि अधिकारी राजेश सिंह को जिला स्तर के प्रशासनिक पद पर रहकर कार्य करने का अच्छा खासा अनुभव है। पूर्व में मंत्री, स्कूल शिक्षा विभाग छग शासन के ओएसडी के पद पर कार्यरत् रहे हैं, जिसके बाद आप सचिव संस्कृत मंडल रायपुर के पद पर विगत दो वर्षों से पदस्थ रहकर अपनी सेवाएं दे चुके है। वर्तमान में राजेश सिंह को जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के पद का दायित्व सौंपा गया है और उन्होंने आज जिला कार्यालय राजनांदगांव में उपस्थित होकर पूर्व डीईओ आरएल ठाकुर से प्रभार प्राप्त किया। उल्लेखनीय है श्री ठाकुर को जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है, और उन्होंने आज अपना प्रभार जिले के नवपदस्थ डीईओ राजेश सिंह को सौंपकर रायपुर में कार्यभार ग्रहण करने रवाना हुए। आज नवपदस्थ डीईओ राजेश सिंह एवं आरएल ठाकुर ने कार्यालय के समस्त स्टाफ के साथ डीईओ चेंबर में संयुक्तवार्ता लेकर कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियो से परिचय प्राप्त किया एवं उनको आबंटित कार्यो, शाखा प्रभार एवं कार्य विभाजन की जानकारी ली।

हैंडबाल प्रतियोगिता में महासमुंद की टीम का रहा दबदबा

- संसदीय सचिव ने किया संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर के मिनी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता का संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में महासमुंद टीम ने अपना दबदबा कायम रखते हुए सभी वर्गों में जीत हासिल की।

आज शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में संभाग स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगता का आयोजन महासमुंद स्थित मिनी स्टेडियम में किया गया। जिसके मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद

सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग ने की। विशेष अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, डीईओ एस चंद्रसेन, नंदकुमार सिन्हा व सतीश नायर थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक विकास व मानसिक विकास होता है और खिलाड़ियों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए। खेल-खेलने से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है, वहीं खिलाड़ी देश व प्रदेश में भी खेलने के लिए जा सकते है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने व्यस्त समय में से थोड़ा बहुत समय खेलों आदि में भी लगना चाहिए। एक खिलाड़ी गांव स्तर पर खेलकर राष्ट्रीय स्तर तक की ऊंचाइयों डुको छू सकता है जिससे माता-पिता का नाम तो रोशन होता ही है, वहीं अपने देश व प्रदेश का नाम भी रोशन करता है। प्रतियोगिता में 14 वर्ष बालक वर्ग में फाइनल मैच धमतरी-महासमुंद के मध्य खेला गया जिसमें महासमुंद टीम ने 09 - 05 से विजयी रही। 17 वर्ष बालक वर्ग में फाइनल मैच महासमुंद - रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें महासमुंद टीम ने 15 - 08 से विजयी रही। 19 वर्ष बालक वर्ग में फाइनल मैच महासमुंद - रायपुर के मध्य खेला गया जिसमें महासमुंद टीम ने 24-14 से विजयी रही। कार्यक्रम का संचालन राजेश शर्मा ने किया तथा आभार प्रदर्शन अंजलि बरमार ने किया। इस अवसर पर नीलमणि चंद्राकर, गौरव जानी चंद्राकर, रुपेश महिलांग, हीरेंद्र साहू, कोनेने अहमद,रोशन यादव, आदित्य साहू आदि उपस्थित थे।

समाज संबल दे, तो आत्महत्या करने वाला व्यक्ति संभल सकता है-डॉ. दीप्ती धुरंधर

खैरागढ़ नवप्रदेश। आत्महत्या करने वाला व्यक्ति जिस भी समाज का हो अगर उसे समाज संबल दें तो शायद आत्महत्या करने वाला व्यक्ति आत्महत्या नहीं करे-डॉक्टर दीप्ती धुरंधर ये बात शुक्रवार को मनोरोग समाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर दीप्ति धुरंधर ने विश्व आत्महत्या निषेध दिवस पर कही।विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर डा दीप्ति ने कहा कि वर्तमान युग में युवा पीढ़ी जो बेवजह अवसादों से ग्रसित होकर आत्महत्या जैसे कृत कर रहे हैं। इस युवा पीढ़ी तक समाज को पहुंचना होगा और परिवारजन से बात करके उनके अवसादों का कारण जानकर उसे संबल प्रदान करें।

आत्महत्या करना अपने आप से धोखा देने जैसा है, ये जीवन जो ईश्वर ने प्रदान किया है उस पर केवल व्यक्ति का ही अधिकार नहीं है बल्कि उस पर व्यक्ति से जुड़े परिवारजन और समाजजन का भी उतना ही अधिकार है। जीवन अनमोल है उसे आत्महत्या करके खोए नहीं।

छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ रही आत्म हत्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि हर आत्महत्या से पहले आत्महत्या करने वाला व्यक्ति कुछ ना कुछ संकेत जरूर देता है। ऐसा नहीं है कि हर आत्महत्या की कोशिश करने वाला व्यक्ति मरना ही चाहता है। असल में वह इस असमंजस में रहते हैं कि जीवन जीना चाहिए या नहीं, आत्महत्या का विचार आते ही उसको दूसरों के साथ साझा करने पर आत्महत्या करने की सम्भावना बहुत कम हो जाती है।

प्रथम पेज का शेष

2023 पर फोकस : दिग्गज ...

बेरोजगारी भत्ता को लेकर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया, पर इसके पहले एक भी ऐसे आंदोलन खड़ी नहीं कर सकी जिससे भूपेश सरकार को कटघरे में खड़ा किया जा सकें। इसकी एक वजह बीजेपी के कई पुराने दिग्गज चेहरों को भी माना जा रहा। जिससे प्रदेश की जनता के साथ-साथ बीजेपी के कार्यकर्ता भी इन चेहरों से ऊब चुके थे। ऐसे में बीजेपी आलाकमान ने इन नेताओं को दरकिनार कर नए चेहरों के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कोशिश कर रही ताकि 2023 में फिर से एक बार सत्ता हासिल किया जा सकें।

सॉल्यूशन, इवॉल्यूशन...

लैब की स्थापना में तेजी लाने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि जमीनी स्तर पर लाभ पहुंचे, हमें साइलो को तोड़ने और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के भीतर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भी काम करने की आवश्यकता है।

दो दिवसीय कॉन्क्लेव ...

स्वच्छ ऊर्जा, डीप ओशन मिशन और तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ देश की भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए इसकी प्रासंगिकता।

गणेश प्रतिमा विसर्जन ...

मौत हो गई, अन्य को बचा लिया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ट्वीट कर कहा है कि महेंद्रगढ़ और सोनीपत जिलों में गणपति विसर्जन के दौरान डूबने से कई लोगों की असमय मौत की खबर दिल दहला देने वाली है. खट्टर ने कहा, हम सभी इस कठिन समय में मृतकों के परिवारों के साथ खड़े हैं। एनडीआरएफकी टीम ने कई लोगों को डूबने से बचाया है। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

छत्तीसगढ़ में भगवान...

नहीं बताया था। उसके किसी नेता ने अयोध्या में मस्जिद बनाने का कोई वादा नहीं किया था। कांग्रेस ने कभी श्री राम सेतु को भी काल्पनिक नहीं बताया था। हमारे विधि विभाग के पदाधिकारियों ने अरुण साव को कानूनी नोटिस भेजा है। उनसे 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है कि जो आरोप लगा रहे हैं, उसकी प्रमाणिकता क्या है। कांग्रेस के किस नेता ने कब हलफनामा दिया था कि भगवान राम काल्पनिक हैं। कांग्रेस के किस नेता ने अयोध्या में मस्जिद बनाने का वादा कब किया था। कांग्रेस विधि विभाग के अधिवक्ता देवा देवांगन ने कहा, यह नोटिस भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव को मिल चुका है। इसमें हमने वह दस्तावेज मांगे हैं, जिसके आधार पर साव ने कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा, अरुण साव कहते हैं कि भगवान श्री राम और श्री कृष्ण सबके हैं, लेकिन कांग्रेस के कभी नहीं हो सकते। मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों नहीं हो सकते। मैं कांग्रेसी हूं। मैं प्रत्येक दिन भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पूजा करता हूं। तो भगवान मेरे क्यों नहीं हो सकते। ऐसा कौन सा दस्तावेज है जिसके मुताबिक भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण केवल भाजपा के हो सकते हैं, कांग्रेस के नहीं। यह कहां पर लिखा है? हमने उन्हें नोटिस दिया है।

अब आसानी से अवैध ...

नगर निवेश विभाग के कार्यालय में आवेदन जमा होंगे। आवेदक को आवेदन के साथ मकान के कागजात, मकान के फोटोग्रॉफ्स आर्किटेक्ट द्वारा बनाए गए मकान का नक्शा और सम्पत्ति कर या बिजली बिल की रशीद की कॉपी संलग्न करनी होगी। इस अधिनियम में किए गए नए संशोधन के अनुसार निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आए हुए आवेदनों के निराकरण के लिए जिम्मेदारी तय कर दी गई है। ऐसे ग्राम/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, जो नगरीय निकाय सीमा के बाहर आता है। वहां आवेदन नगर या ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों में लिए जाएंगे। सत्यापन परीक्षण के पश्चात इन आवेदनों को नियमितिकरण के लिए जिम्मेदार अधिकारी को प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी सदस्य सचिव की होगी। इसी तरह नगर-निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत जो निवेश क्षेत्र के अंतर्गत आते है। इन जगहों पर स्थानीय निकायों द्वारा आवेदन लिए जाएंगे और जिला नियमितिकरण प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अधिनियम में संशोधन के बेहतर क्रियान्वयन और आमजन को इस संशोधन का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए कलेक्टर, नगरीय निकाय अधिकारी, नगर एवं ग्राम निवेश अधिकारियों द्वारा नियमित समीक्षा की जाएगी।

राहुल गांधी की जॉर्ज...

कहते हैं कि शक्ति के विपरीत यीशु ही एकमात्र भगवान हैं. बीजेपी प्रवक्ता ने कहा कि इस आदमी को पहले भी हिंदुओं से नफरत के कारण गिरफ्तार किया गया था. तब उसने (जॉर्ज पोन्नैया) ये भी कहा था कि जूते पहनता हूं जिससे भारत माता की अशुद्धता हमें दूषित न करे. उन्होंने कहा कि भारत तोड़ो के प्रतीक के साथ भारत जोड़ो? वहीं, बीजेपी आईटी सेल के इंचार्ज अमित मालवीय ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा है. उन्होंने ट्वीट कर कहा कि जो बहुसंख्यक समुदाय को लेकर विवादास्पद रहे पादरी से मिलना राहुल गांधी की भारत जोड़ो का विचार है तो ये यात्रा दिखावा है. उन्होंने एक अन्य ट्वीट में ये सवाल भी किया कि राहुल गांधी नफरत फैलाने वालों के साथ अपना समय क्यों बिता रहे हैं. बीजेपी के वार पर कांग्रेस ने भी पलटवार किया है. कांग्रेस ने वीडियो के ऑडियो से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कहा कि बीजेपी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की सफलता के डर से शरारत कर रही है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा पत्र

रा.प्र.क्र. 202209100700049
अ-6/2021-22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका ललिता गौर पति स्व. सालिक राम गौर निवासी ग्राम दल्ली राजहरा तहसील व जिला बालोद के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 214/61 रकबा 0.0110 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सालिक राम गौर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 20/9/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/9/2022 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 05/09/2022
सुनवाई दिनांक 20/09/2022

सील

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, रायपुर
नोटिस

क्रमांक/274/ब-121/2021-22/1093 रायपुर, दिनांक 04 अगस्त, 2022

प्रति,
1. मेसर्स काशी वुडन उद्योग, प्रो. श्री अमित गुप्ता
2. अमित गुप्ता पिता स्व. श्री काशीराम
3. श्री अजय गुप्ता पिता स्व. श्री काशीराम
4. श्री अशोक गुप्ता पिता स्व. श्री काशीराम

ए-1, फोटो फ्रेम, छोटापारा मस्जिद के सामने, बैजनाथपारा, जिला-रायपुर।

आवेदक प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक मुख्य शाखा, रायपुर की ओर से क्रांति वर्मा अधिवक्ता ने आवेदन पत्र/शपथ पत्र, मय दस्तावेज प्रस्तुत कर, आवेदन पत्र से आपको बैंक से 6,00,000.00 रुपये का ऋण दिया गया था, और आपके संयुक्त स्वामित्व की अचल संपत्ति बैंक के पक्ष में बंधक रखी गयी थी। आपके द्वारा ऋण की अदायगी नहीं की जा रही हैं। जिसके कारण बैंक द्वारा आप को अधिनियम की धारा 13 के तहत नोटिस जारी किया गया कि आप ऋण की अदायगी मय ब्याज एवं अन्य शुल्क रुपया 7,18,331.00 अदा करें, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति बैंक अपने हक में प्राप्त कर लेगी कि जानकारी दी जाकर, बैंक के पक्ष में लिये गये ऋण के एवज में बंधक रखी संपत्ति का कब्जा दिलाये जाने का निवेदन किया है।

2. आपने प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक मुख्य शाखा रायपुर से 6,00,000.00 रुपये का ऋण प्राप्त कर मौजा रायपुर खास, बैजनाथपारा प.ह.नं. 106/46, जिला- रायपुर स्थित आबादी ख.नं. 703 का भाग पर निर्मित म.नं. 41/114 रकबा 478 वर्गफुट बैंक के पक्ष में बंधक रखा है।

3. अतः आपके द्वारा लिये गये ऋण के एवज में उक्त बंधक रखी गई अचल संपत्ति को वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 14 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये क्यों न आधिपत्य में लेने की कार्यवाही की जावे। आप स्वयं अथवा अपने नियुक्त अभिभाषक के माध्यम से ऋण से संबंधित एवं बंधक रखी गई संपत्ति से संबंधित दस्तावेज लेकर पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 26.09.2022 को ठीक 3.00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करें। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर, प्रकरण में निर्णय ले लिया जावेगा।

आज दिनांक 04 अगस्त, 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जिला दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक – चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

जनता की सेहत का ख्याल : गार्डन का लोकार्पण कर विधायक व महापौर ने किया नागरिकों को समर्पित

■ गार्डन लोकार्पण के दौरान वार्डवासियों ने विधायक, महापौर व पार्षद का किया आभार व्यक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत हनुमान नगर वार्ड 21 में विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने हनुमान नगर नेता सुभाष चंद बोस उद्यान का लोकार्पण किया। वार्ड 21 काली मंदिर के पास नेता सुभाष चंद बोस उद्यान महापौर निधि 6 लाख व पार्षद निधि 4 लाख कुल 10 की लागत से पार्क निर्माण निगम ने कराया है। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,संजय कोहले,दीपक साहू,जय जोशी,मनदीप सिंह भाटिया,वार्ड पार्षद अरुण सिंह, संदीप वोरा,मती नीलू ठाकुर,कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे,प्रभारी कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा सहित आदि मौजूद थे। विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने नेता सुभाष चंद बोस उद्यान का उद्घाटन कर वार्ड की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर नागरिको ने विधायक,महापौर व पार्षद का आभार व्यक्त किया। विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि नागरिको के लिए उद्यान वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यस्तता भरे दैनिक जीवन में पार्क में नागरिकों को मॉर्निंगवॉक की भी सुविधा मिल सकेगी। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अपने शरीर का भी ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर रखने के लिए पौष्टिक आहार के साथ-साथ पार्क में लोगो को व्यायाम भी जरूरी है।

वार्ड पार्षद अरुण सिंह ने कहा कि मेरे वार्ड के नागरिको को घर से बाहर आने के लिये प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही बच्चों को भी टीवी/मोबाइल फोन से बाहर निकल कर पार्क में खेलने के लिए प्रेरक रहेगा, गार्डन में पीपल बरगद के तीन पेड़ है जो ऑक्सीजन जोन का काम करेंगे।

साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय कृमि दिवस का आयोजन

दुर्ग। साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस इकाई ने राष्ट्रीय कृमि दिवस एवम् पोषण आहार सप्ताह का आयोजन किया। जिसमें एनएसएस छात्र छात्राओं ने कुपोषण को दूर करने हेतु जागरूकता रैली का आयोजन किया।

महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एम ए सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को इस विषय पर संबोधन करते हुए कहा कि वे पोषण आहार पर लोगों को जागरूक करें, विशेष कर बालिकाओं के स्वास्थ्य का ध्यान पालकों को रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि एनएसएस स्वयं सेवक इस विषय में अच्छा कार्य कर रहे हैं। इससे लोग अवश्य प्रेरित होंगे। इसके बाद उन्होंने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की प्राध्यापक डॉ के पद्मावती ने विद्यार्थियों को इस विषय में प्रेरित किया।

महाविद्यालय के छात्र एनएसएस प्रभारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने बताया कि इसके पश्चात् एनएसएस इकाई की रैली महाविद्यालय से मालवीय चौक होते हुए दुर्ग में स्थित महिला एवम् बाल विकास विभाग में पहुंची वहां पर पोषण आहार सप्ताह पर बच्चों को जानकारी प्रदान की गईतथा वहां केअधिकारी कर्मचारियों द्वारा एनएसएस स्वयं सेवकों को उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी स्वयं सेवकों के साथ दलनायक लेविस कुमार, मृदुल निर्मल,मोरध्वज, वेदांश, सतेक मिरचन, नंदलाल देवांगन, अंकित बरई का उल्लेखनीय योगदान रहा।

अक्टूबर महीने में कुम्हारी वासियों को मिलेगा बड़ा तालाब का तोहफा

■ कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। अक्टूबर महीने में दिवाली के आसपास कुम्हारी वासियों को सबसे बड़ा तोहफा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की ओर से मिलेगा। बड़ा तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का मुख्यमंत्री लोकार्पण करेंगे। आज कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने बड़ा तालाब के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निर्माण कार्य में सभी बारीकियों पर ध्यान रखने का निर्देश दिया तथा सारे कार्य सौंदर्य और गुणवत्ता के पूरे मानकों के साथ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के मौके पर कहा कि 19 एकड़ में फैला यह परिसर कुम्हारी वासियों के लिए शाम बिताने की सबसे सुंदर जगह होगी। यहां बच्चों के लिए टॉय ट्रेन एवं प्लेइंग ज़ोन की सुविधा है जिससे यह जगह बच्चों के लिए खासी मनोरंजक साबित होगी।

टॉय ट्रेन का डिजाइन बुलेट ट्रेन के मॉडल पर तैयार किया गया है जिससे इसका आकर्षण खास होगा। इसके अलावा यहां म्यूजिकल फाउंटेन भी बेहद खास होगा। इसके साथ ही घाटों में भी अच्छी लैंडस्केपिंग की गई है। लाल ग्रेनाइट चट्टानों से घाट सजे रहेंगे।

कस्टम मिलिंग का चावल 30 सितंबर तक जमा करा दें, रोज होगी मॉनिटरिंग

दुर्ग/नवप्रदेश। कस्टम मिलिंग का चावल 30 सितंबर तक जमा करा दें। भारत सरकार ने इसके लिए अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की है। कुछ राइस मिलर्स की चावल जमा करने की रफ्तार अभी भी धीमी है। इसे यदि तेज नहीं किया गया तो 30 सितंबर तक लक्ष्य पूरा करना कठिन होगा और इस स्थिति में प्रशासन नियमानुसार कार्रवाई करेगा। यह बात कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने राइसमिलर्स और फूड आफिसर्स की बैठक में कही। कलेक्टर ने राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कहा कि कुछ राइसमिलर्स के टारगेट समय पर पूरे हो जाएंगे लेकिन कुछ ऐसे राइस मिल हैं जिनकी अब तक की प्रगति काफी कमजोर है।

शंकराचार्य में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, भिलाई के महिला प्रकोष्ठ 'विविधा' द्वारा 8 सितबर 2022 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है और ज्यादा से ज्यादा लोगों को साक्षर होने के लिए जागरुक करना है। साक्षरता दिवस 2022 की थीम श्ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेसश् (ज्तंदेवितउपदह स्पजमतंबल स्मंतदपदह ैचंबमे) है। किसी भी देश की साक्षरता दर बढने से देश का भी तेजी से विकास होता है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य साक्षरता को बढ़ावा देना है जिससे देश का हर वर्ग शिक्षित हो सके। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को साक्षरता दिवस का महत्व तथा महिला उपन्यासकार द्वारा रचित 'बुकर अवॉर्ड' प्राप्त उपन्यास 'रेत की समाधि' के बारे में बताया गया जो कि गीतांजलि महिला उपन्यासकार द्वारा लिखी गई है। इस कार्यक्रम में छात्रों को लेखक के जीवन, उनकी यात्रा और उनके सभी कार्यों के बारे में संक्षिप्त विवरण को महाविद्यालय की उप-प्राचार्य एवं महिला प्रकोष्ठ 'विविधा' के अध्यक्ष डॉ. अर्चना झा ने पावर पाईंट प्रजेंटेशन के द्वारा बताया। 739 पन्नों का यह उपन्यास 80 साल की एक 'अम्मा' के बारे में है। जिनका नाम चंद्रप्रभा है। इनकी कहानी दिल्ली की गलियों से शुरू होती है और कई पड़ाव पार करते हुए पाकिस्तान पहुंचती है। चंद्रप्रभा की कहानी में एक महिला के हालात, पित्रसत्ता, टांसजेंडर, बंटवारा और राजनीति का बखूबी जिक्र किया गया है। चंद्रप्रभा की कहानी इन सभी मुद्दों से गुजरते हुए आगे बढ़ती है। कहानी की मुख्य किरदार यानी चंद्रप्रभा पति के देहांत के बाद खाट पकड़ लेती है। उपन्यास की कहानी में एक ट्रांसजेंडर की एंट्री से कई बड़े बदलाव आते हैं, यही से कहानी और दिलचस्प हो जाती है।

रैली निकाल छात्रों ने दिया जागरुकता का संदेश

खरोरा। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह 8 सितंबर से 14 सितंबर तक के प्रथम दिवस में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिर्री, सेंचुरी सीमेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल बैकुंठ और शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में स्कूली छात्रों द्वारा साक्षरता रैली निकाली गई। रैली के दौरान बच्चों द्वारा साक्षरता संदेश व नारे का वाचन कर लोगों में साक्षरता जागरूकता लाने का प्रयास किया गया। साक्षरता रैली पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक रतन लाल वर्मा, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कोमल प्रसाद कौशिक, शिक्षक चंद्रशेखर वर्मा, शिक्षिका वंदना शर्मा, सावित्री वर्मा, कलावती ध्रुव, पूर्णिमा निषाद एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इंदु वर्मा, कुमारी बाई सेन, सहायिका सुशीला मारकंडे एवं विद्यालय के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में साक्षरता रैली निकालकर मानव श्रृंखला बनाई गई। इस रैली में विद्यालय की प्राचार्य रजनी मिंज, उपप्राचार्य हरीश देवांगन, व्याख्याता पुरषोत्तम देवांगन, श्वेता शर्मा व अमर बर्मन उपस्थित थे।

पंडालों में पहुंच गिरीश ने की प्रदेश में शांति और खुशहाली की कामना

भाटापार। खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन आज सिमगा और भाटापारा क्षेत्र के विभिन्न पंडालों में पहुँचकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। श्री देवांगन ने इस अवसर पर उपस्तिथ भक्तजनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गणेश जी से पूरे प्रदेश में शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन को उनकी इच्छा के अनुरूप कार्य मिले व सभी के जीवन संसार में सुख शांति क़ायम हो यही मंगल कामना करने भगवान गणेश के पंडाल में आया हूँ। हमारी सरकार ग़रीबों और किसानों के हितार्थ विभिन्न योजनाएं लागू कर लगातार प्रदेश के विकाश के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग इंद्र साव, ब्लाक अध्यक्ष के.के नायक.ब्लाक प्रभारी महामंत्री हिरेन्द्र कोसले,इंटक प्रदेश संयोजक पप्पु अली, पार्षदगण अशोक देवाँगन, जनपद सदस्य गंगा ओगरे, कोमल टडंन, उत्तम साहू, प्रमुख रूप से साथ मे उपस्थित थे।

सहायक आयुक्त, प्राचार्य, सहित हॉस्टल अधीक्षक को कलेक्टर ने जारी किया नोटिस

बलौदाबाजार। कलेक्टर रजत बंसल ने आदिम जाति विकास विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश लहरे, एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान के प्राचार्य संतोष कुमार चौहान सहित हॉस्टल अधीक्षक गौरी पैकरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया। नोटिस का जवाब 3 दिन के भीतर मंगा गया है। छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय सोनाखान का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विद्यालय से अनुपस्थित मिले। यहां खाने की शिकायतें मिली और कर्मचारियों द्वारा आयोग के सदस्यों से दुर्व्यवहार किया गया है। उक्त कृत्य के लिए तीनों अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जावे। पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर देने।एवं जवाब संतोषजनक न होने पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

संसदीय सचिव ने सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया सम्मान

नवागढ़ । विधानसभा स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे शामिल हुए। उन्होंने विधानसभा अंर्तगत 72 सेवानिवृत्त और 11 उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक- शिक्षिकाओं क सम्मान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बंजारे ने कहा कि जिस तरह एक सुनार सोना तपाकर उसे सही आकार देता है, ठीक उसी तरह शिक्षक भी खुद तपकर विद्यार्थियों को सफलता के शिखर की ओर पहुंचाता है। शिक्षक एक दीपक की तरह जलकर अज्ञानता के अंधेरे से ज्ञान की रोशनी में छात्रों को लाता है और उन्हें काबिल बनाता है। समाज में शिक्षकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रत्येक वर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। ये दिन शिक्षकों का आभार व्यक्त करने के लिए होता है। बेमेतरा जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने सर्व पल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर परिचय डालते हुए कहा कि भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है।

विधायक व महापौर ने भूमिपूजन कर 61.82 लाख के सीसी सड़क निर्माण कार्यो की रखी आधारशिला

■ पटेल समाज के सामुदायिक भवन में होगा बाउंड्रीवाल व सड़क सीमेंटीकरण निर्माण काय:

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 05 मरार पारा में पटेल समाज को मिला पटेल भवन के निर्माण कार्य के लिए 23 लाख की लागत से होने वाले कार्य पटेल भवन परिसर में बाउंड्रीवाल कार्य का साथ सीमेंटीकरण सड़क का भूमिपूजन किया गया।साथ ही शहर के पटरीपार में विकास और निर्माण कार्य के लिए आज विधायक अरुण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्ड 21स्ट्रीट न.15 हनुमान नगर,स्ट्रीट न.10 ए मुकुट नगर व केपीएस स्कूल तक मे सीमेंटीकरण सड़क निर्माण के लिए 12.50 लाख की लागत से विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया । इस मौके पर विधायक, महापौर ने उपस्थित निवासियों से कहा मूलभूत विकास निर्माण कार्य के लिए पैसे की कमी नहीं हैं आपकी जरुरत और सुविधाओं को देखते हुये आज विकास निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन किया गया है। इस अवसर पर पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष आर एन वर्मा, गया जी पटेल, लोककर्म प्रभारी अब्दुल गनी,वार्ड पार्षद अरुण सिंह, शिवेंद्र परिहार, जलकार्यप्रभारी संजय कोहले, दीपक साहू, मनदीप सिंह भाटिया, जय जोशी,सत्यवती विजेंयत पटेल, बृजलाल पटेल, प्रकाश गीते, निखिल खिचड़िया, कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे, कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा,वीपी मिश्रा,आर के पालिया,पंकज साहू सहित अधिक संख्या में लोग उपस्थित थे।

नवागढ़ के हर उत्सव को बनाएंगे प्रदेश स्तरीय महोत्सव : दीवान

नवागढ़/नवप्रदेश। गुरुवार को भाजपा जिला महामंत्री व नगर प्रधान विकास धर दीवान ने गणेश दर्शन यात्रा के माध्यम से नवागढ़ नगर के विभिन्न गणेश पण्डालों में जाकर दर्शन किया। दीवान ने समर्थकों के साथ माँ महामाया मंदिर, ठाकुर देव, देवांगन पारा, शमी गणेश मंदिर, गौरव पथ, चौक, रेस्ट हाउस चौक, शंकर नगर, बावली पारा, सुकुल पारा सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विराजे गणेश उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया। सिद्धि विनायक की पूजा कर क्षेत्र के सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। दीवान ने सभी जगह गणेश उत्सव सेवा समिति के सदस्यों से भी भेंट किया। सुकुल पारा में महाआरती में जनसमूह को सम्बोधित करते हुए विकास दीवान ने कहा कि नवागढ़ नगर में परंपरा रही है कि हम सभी एक साथ मिलकर डर के विभिन्न मोहल्लों में भव्य रूप में गणेश, दुर्गा, गौरी गौरा, लक्ष्मी, दशहरा, दहिलूट आदि उत्सव भव्य रुप से मनाते हैं। पिछले समय में इसे और भी भव्यता के साथ मना कर पूरे प्रदेश स्तर पर नवागढ़ के आयोजन का आया था। लेकिन विगत कुछ वर्षों में यह सभी आयोजन कुछ हद तक फीका पड़ा है जिसके लिए जिम्मेदारों को आगे आकर समितियों का सहयोग करना चाहिए। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, एससी मोर्चा प्रदेश महामंत्री दयावंत धर बांधे व जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष डॉ. जगजीवन खरे, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग सहित क्षेत्र के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

ब्रम्हचर्य, भक्त से भगवान बनने की पावन की प्रक्रिया है : अभिषेक मोदी

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री 1008 आदिनाथ नवग्रह पंच बालयती दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व दश लक्षण महापर्व बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने कहा कि जब परिग्रह से हमारा कोई वास्ता नहीं रह जाता, उसी समय यह आत्मा अपने स्वभाव में आ जाता है इसी का नाम है ब्रह्मचर्य 7 धर्म का दसवां लक्षण है उत्तम ब्रह्मचर्य, यह समस्त धर्मों का राजा है। जिस प्रकार मंदिर बनने के बाद स्वर्ण कलश चढ़ाते हैं उसी प्रकार ब्रह्मचर्य धर्म पर चढ़ा हुआ कलश है। आचार्य मोदी ने का कि ब्रह्म अर्थात आत्मा में चर्या करना, रमण करना, उस में लीन हो जाना, यही ब्रह्मचर्य कहलाता है। इसके विपरीत राग द्वेष आदि के कारण जो पांच इंद्रिय संबंधी विषय वासना तथा भोग सामग्री हैं उसमें रमण करना व्यभिचार कहलाता है। ब्रम्हचर्य, भक्त से भगवान बनने की, पतित से पावन बनने की प्रक्रिया है। अतः आत्मा को पावन बनने के लिए ब्रह्मचर्य धारण करना अनिवार्य है। प्रातः 7 बजे श्री 1008 वासुपुज्य भगवान की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर भक्ति नृत्य के साथ पांडुक शिला में विराजमान की गई। सभी भक्तों ने अत्यंत भक्ति पूर्वक श्री जी का मंगल अभिषेक महा मस्तकाभिषेक किया। आज की मंगल सर्व विघ्न विनाशक शांति धारा का सौभाग्य संजय शीलचंद जैन, अभिनव मोदी भाटापारा को प्राप्त हुआ।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने मूल्यवर्धित वित्तीय समाधानों के लिए यूको बैंक के साथ साझेदारी की

बैंगलोर। कंपनी के, 'ग्राहक सबसे पहले' दर्शन को सुदृढ़ करने की दिशा में अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत के अग्रणी बैंकिंग प्लेटफॉर्म, यूको बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। अधिक से अधिक ग्राहकों को टोयोटा के विश्व स्तरीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने के लिए परिकल्पित, इस साझेदारी से ग्राहकों को न केवल टीयर द्व बाजारों, बल्कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्राहकों को लाभ होगा और टियर II तथा टियर III बाजारों पर अधिक ध्यान दिया जाएगा।

कूल न्यू ग्लैंजा, अर्बन क्रूजर और हाल ही में अनावरण किए गए अर्बन क्रूजर हायरायडर जैसे नए मॉडल लॉन्च के साथ ए एंड बी-सेगमेंट में अपने प्रवेश के माध्यम से, टीकेएम ने टियर II और III बाजारों पर विशेष ध्यान देने के साथ पूरे भारत में अपनी पहुंच का विस्तार करने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया है। यह नया गठजोड़ टियर II और III बाजारों में स्थित ग्राहकों के लिए मूल्य वर्धित पेशकशों को बढ़ाने के लिए टीकेएम के प्रयासों को मजबूत करेगा। इस प्रकार, भारत में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों की पूरी श्रृंखला तक ग्राहकों की आसान पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

टाई-अप पर अपने विचार साझा करते हुए, . सत्य रंजन पांडा, महाप्रबंधक, मार्केटिंग और वेल्थ मैनेजमेंट विभाग, यूको बैंक ने कहा, हम टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के साथ सहयोग करने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि वे अग्रणी कार निर्माताओं में से एक हैं। इस नई साझेदारी के साथ, हम 3,000 से अधिक शाखाओं के अपने विशाल नेटवर्क के माध्यम से टियर I, II और III शहरों और कस्बों में अपने ग्राहक आधार तक पहुंचने के लिए आश्वस्त हैं ।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने घोषित किया इंडियन आइडल सीजन 13

मुंबई। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का फ्लैगशिप सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल सीज़न 13 हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर शुरू होने जा रहा है। इस शो का निर्माण फ्रेमैंटल मीडिया ने किया है।

इस साल का कैंपेन है - 'फिर साथ आने का बहाना है, अब मौसम म्यूज़िकाना है', जो कि संगीत और सामूहिक सेलिब्रेशन का मौका है। आदित्य नारायण के द्वारा होस्ट किए जा रहे इस शो में एक बार फिर जजों की वही तिकड़ी नजर आएगी, जिसमें हिमेश रेशमिया, नेहा कक्कड़ और विशाल ददलानी शामिल हैं। यह सभी मिलकर मौसम को म्यूज़िकाना बना देंगे।

इस साल इस शो के लिए 2 साल बाद 11 शहरों में ऑडिशंस हुए और इन ऑडिशंस में जबर्दस्त हिस्सेदारी देखी गई। हर साल की तरह अपने 13वें सीज़न में भी इंडियन आइडल देशभर का अलग-अलग म्यूज़िक टैलेंट सामने लाने के लिए तैयार है, जिनमें देश की समृद्ध संस्कृति ओं की झलक देखने को मिलती है।

अपनी शुरुआत से ही इंडियन आइडल ने एक से बढ़कर एक गायन प्रतिभाओं को सामने लाया है, और जल्द ही यह देश का सबसे चहेता सिंगिंग प्लेटफॉर्म बन गया। इन वर्षों में इस प्रतिष्ठित शो ने देश को कई अनमोल आवाज़ें दी हैं जैसे सलमान अली (सीज़न 10 के विजेता), सनी हिंदुस्तानी (सीज़न 11 की विजेता) और हाल ही के सीज़न 12 के विजेता पवनदीप राजन, जिन्होंने पूरे देश में हलचल मचा दी थी। ऐसे बेमिसाल सिंगिंग टैलेंट के साथ इंडियन आइडल का यह सीज़न सचमुच मौसम को म्यूज़िकाना बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है!

राजधानी में सरपंचों का बवाल, सीएम हाउस की तरफ बढ़े, पुलिस से भिड़े

कहा - 2 हजार महीना मिलता है घर कैसे चलाएं, 13 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में शनिवार को प्रदेशभर के 2 हजार सरपंच पहुंच गए। सबसे पहले इन्होंने बूढ़ापारा के धरना स्थल पर धरना दिया। यहां छत्तीसगढ़ सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने मंच से सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सरपंचों को बीमा, पेंशन मिलनी चाहिए। मानदेय बढ़ाने और विकास के लिए फंड देने की मांग रखी गई। इसके बाद राज्य के हर जिले से आए सरपंचों ने रैली निकाली। ये बूढ़ापारा की सड़क से मुख्यमंत्री निवास घेरने को बढ़े। रास्ते में सप्रे स्कूल के बाद पुलिस ने सरपंचों का रास्ता रोक लिया। बड़ी तादाद में यहां सरपंचों का हंगामा शुरू हो गया। पुलिसवालों से धक्का-मुक्की भी हुई। महिलाएं भी महिला पुलिस कर्मियों से भिड़ गईं। काफ ी देर तक सरपंच यहां से आगे जाने की जिद पर अड़े रहे। कुछ देर बाद जिला प्रशासन के अफसरों ने सरपंचों से मुलाकात की। उनका ज्ञापन लेकर बात शासन तक पहुंचाने का वादा किया। मगर सरपंच राजी नहीं हुए। करीब डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा, जिसके बाद सरपंच शांत हुए।

ये है सरपंचों की 13 मांगें

- सरपंचों का मानदेय राशि 20 हजार रुपए और पंचों का मानदेय राशि 5 हजार रुपए किया जाए।
- सरपंचों को आजीवन 10 हजार रुपए पेंशन दिया जाए।
- 50 लाख की राशि तक के सभी कार्य में कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत को ही बनाया जाए।
- सरपंच निधि के रूप में राज्य सरकार के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत को प्रतिवर्ष 10 लाख रुपए दिया जाना चाहिए।
- नक्सलियों द्वारा सरपंच को मारे जाने पर 20 लाख रुपए का मुआवजा राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिया जाना चाहिए।
- 15वें वित्त आयोग अनुदान राशि केवल उसी ग्राम पंचायत के लिए होना चाहिए।15वें वित्त आयोग की राशि को अन्य योजनाओं के निर्माण कार्य में नहीं लगाया जाना चाहिए।
- मनरेगा सामग्री की राशि हर 3 महीने के अंदर भुगतान किया जाना चाहिए।
- मनरेगा निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए 40 प्रतिशत अग्रिम राशि सरकार के द्वारा प्रदान किया जाना चाहिए।
- छत्तीसगढ़ के सरपंचों के कार्यकाल में 2 साल की वृद्धि की जानी चाहिए।
- प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत आवाज की राशि को महंगाई दर को देखते हुए 2 लाख रुपए की वृद्धि की जानी चाहिए।
- अविश्वास प्रस्ताव को संशोधन कर जनता के हाथों में दिया जाना चाहिए।
- धारा 40 में तत्काल संशोधन किया जाना चाहिए।

ये सरपंचों का अपमान है

छत्तीसगढ़ सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य उपाध्याय ने बताया ग्राम पंचायत के सरपंच बनने के बाद गांव की जनता की सेवा जरूर कर रहे हैं। मगर मानदेय के रूप में हर महीना 2000 रुपये मिलता है, ये सरपंच का अपमान है। हमें घर परिवार भी चलाना अब मुश्किल हो गया है। उपाध्याय ने दावा किया कि उन जैसे कई सरपंच कर्ज लेकर गांव के लोगों के लिए काम करते हैं। फंड कम मिलता है या तो समय पर मिलता ही नहीं है।

छत्तीसगढ़ में गाय-बैलों के लिए मोबाइल चिकित्सा यूनिट

- सभी जिलों में मोबाइल वैन देकर शुरू होगी सुविधा, सीएम ने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। गोवंश को उत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना की शुरुआत की जाएगी। पहले चरण में प्रत्येक जिले में एक अथवा दो चिकित्सा वाहनों से यह योजना शुरू की जाएगी। चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत योजना का विस्तार किया जाएगा। राज्य के प्रत्येक नागरिक के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए विकासखंडों से लेकर जिला मुख्यालयों तक सर्वसुविधायुक्त शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना तथा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से शहरी श्रमिक बस्तियों से लेकर दूरस्थ तथा दुर्गम स्थलों में रहने वाले नागरिकों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। इसी तर्ज पर अब पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य को आगे बढ़ाते हुए गोवंश के उत्तम स्वास्थ्य के लिए भी मोबाइल चिकित्सा वाहनों का इस्तेमाल किया। जाएगा। वर्तमान में शासकीय पशु-चिकित्सालयों के साथ-साथ राज्य में सुराजी गांव योजना के तहत निर्मित गोठानों में भी पशुधन के स्वास्थ्य की देखभाल की व्यवस्था है। बेहतर पशु स्वास्थ्य के लिए गौठानों में चारागाहों का भी विकास किया गया, ताकि पशुओं के लिए पौष्टिक चारे की व्यवस्था होती रहे। अब नयी योजना के माध्यम से गोवंश की स्वास्थ्य सुविधाओं का और अधिक विस्तार होगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन को इस संबंध में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

आरएसएस की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक आज प्रातः श्री जैनम् मानस भवन रायपुर में प्रारंभ हुई। बैठक का शुभारंभ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन करके किया। बैठक में 36 संगठनों के प्रमुख अखिल भारतीय पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। बैठक में वर्तमान राष्ट्रीय व सामाजिक परिदृश्य, शिक्षा, सेवा, आर्थिक व राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। गौसेवा, ग्राम विकास, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता आदि विषयों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा होगी। संगठन के विस्तार और विशेष प्रयोगों की जानकारी भी साझा की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक

संघ के सभी सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, अरूण कुमार, मुकुंदा और रामदत्त चक्रधर, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य भय्याजी जोशी, सुरेश सोनी, वी भाग्गया, विद्या भारती के महामंत्री गोविन्द महंती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री आशीष चौहान, महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका वंदनीया शांतक्का, कार्यवाहिका अन्नदानम सीताक्का, सेवा भारती की महामंत्री रेणु पाठक, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष हिरण्मय पंड्या, संगठन मंत्री बी सुरेन्द्रन, भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष रामचंद्र खराड़ी, संस्कृत भारती के संगठन मंत्री दिनेश कामत सहित 240 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित हैं।

एम्स और एनआईटी के बीच संयुक्त शोध परियोजनाएं पांच वर्ष और चलेगी

- दोनों संस्थानों के मध्य एमओयू, एआई और नैनोटेक्नोलॉजी पर फोकस

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के मध्य संयुक्त शोध परियोजनाएं अब पांच वर्ष और जारी रहेंगी। इस संबंध में दोनों संस्थानों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। नई परियोजनाओं में आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस (एआई) और नैनोटेक्नोलॉजी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों संस्थानों के मध्य पांच वर्ष पूर्व एमओयू किया गया था जिसकी अवधि पूर्ण होने के बाद अब पुनः पांच वर्ष के लिए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और एनआईटी के निदेशक प्रो. ए.एम. रावाणी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो. नागरकर ने कहा कि दोनों संस्थानों मिलकर चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त शोध परियोजनाओं पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि एनआईटी एम्स को बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, भीड़ प्रबंधन, वेस्ट मैनेजमेंट आदि क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता का लाभ प्रदान कर सकता है। इसके साथ ही एआई और नैनोटेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी दोनों संस्थानों के मध्य सहयोग की काफ ी संभावनाएं हैं। एम्स के चिकित्सक अपनी जरूरतों को एनआईटी के विशेषज्ञों को बता सकते हैं जिनका तकनीकी समाधान एनआईटी कर सकता है। उन्हें कहा कि इसके लिए जल्द ही दोनों संस्थानों के शिक्षकों के मध्य वार्ता होगी और लगभग 20 चुनौतीपूर्ण विषयों को चिन्हित कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रो. रावाणी ने तकनीक की कंवर्जेंस की चर्चा करते हुए कहा कि अब समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए संयुक्त रूप से अकादमिक कार्यक्रम और कांफ्रेंस आयोजित की जा सकती हैं। अगले पांच वर्ष की सहभागिता में समाज को पेटेंट और कॉपीराइट के माध्यम से उनकी समस्याओं के समाधान देने का लक्ष्य होगा। दोनों संस्थानों ने पूर्व की पांच वर्ष की सहभागिता में स्तन कैंसर, मनोविज्ञान और फेफड़ों की बीमारी के संबंध में शोध किए हैं। इसके साथ ही पांच छात्रों को दोनों संस्थानों के शिक्षकों ने मिलकर पीएचडी शोध भी संपन्न करवाया है। नए एमओयू के बाद दोनों संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त शोध परियोजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे, अनुसंधान और विकास के साथ ही कंसलटेंसी भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही शोध की सुविधाओं का भी दोनों संस्थान के शोधार्थी प्रयोग कर सकेंगे।

अब बिजली ब्रेकडाउन की सूचना उपभोक्ताओं को मिलेगी मोबाइल पर

- उपभोक्ताओं को विद्युत अवरोध की सूचना देने विभाग की नई पहल

रायपुर/नवप्रदेश। बिजली उपभोक्ताओं को बड़े विद्युत अवरोध की समय पर जानकारी प्रदान करने के लिए नयी सूचना प्रणाली विकसित कर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है. इसके लिये एप आधारित नई सूचना प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें आंधी-तूफ ान जैसी प्राकृतिक आपदाओं में खंभा या तार टूटने जैसे बड़े ब्रेकडाउन होने या रखरखाव हेतु शटडाउन होने पर बिजली बंद की सूचना तुरंत सीधे संबंधित उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी और कॉल सेंटरों के माध्यम से फ ोन पर दी जाएगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज खरे ने बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में संबंधित उपभोक्ताओं को तुरंत सूचित करने की नई व्यवस्था छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। जब मौसम की गड़बड़ी या अन्य कारणों से ब्रेकडाउन होता है तो मैदानी अमला सुधार कार्य में व्यस्त हो जाता है और उसके पास उपभोक्ताओं के फ ोन उठाने का समय नहीं होता. उधर बड़ी संख्या में उपभोक्ता प्रभावित होने के कारण बहुत फोन कॉल आने लगते हैं .

स्पॉट से अपडेट करेंगे कर्मचारी

नई सूचना प्रणाली एप पर आधारित है. कंपनी के आंतरिक एप माध्यम से मैदानी अधिकारी घटनास्थल से ही ब्रेकडाउन की सूचना अपलोड करेंगे. जो कि तुरंत संबंधित लाइन से टैग उपभोक्ताओं को एसएमएस के जरिये अपने आप चली जाएगी, जिसमें बिजली सुधार में लगने वाले संभावित समय की जानकारी भी होगी। आधे घंटे से अधिक समय लगने वाले ब्रेकडाउन की ही सूचना उपभोक्ताओं को भेजी जाएगी। इसके अलावा किसी समय चल रहे ब्रेकडाउन या शटडाउन की जानकारी मोर बिजली ऐप पर भी उपलब्ध रहेगी जिसे उपभोक्ता देख सकेंगे. यह जानकारी सभी कॉल सेंटरों के कम्प्यूटर स्क्रीन पर भी डिस्प्ले होती रहेगी और कॉल सेंटर ऑपरेटर फोन करने वॉर उपभोक्ताओं को जानकारी दे सकेगा.

39 लाख उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड

इसके साथ ही दस लाख से अधिक उपभोक्ता मोर बिजली मोबाइल ऐप का इस्तेमाल करते हैं. इन उपभोक्ताओं को शटडाउन/ब्रेकडाउन की सूचना ऐप पर ही दिखने लगेगी। टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत दर्ज करवाते समय कॉल सेन्टर आपरेटर द्वारा भी उपभोक्ता को शटडाउन/ब्रेकडाउन बाबत सूचित कर दिया जायेगा। यह नई व्यवस्था छत्तीसगढ़ राज्य के 180 नगरीय क्षेत्रों में प्रारंभ कर दी गई है बाकि क्षेत्र के लिए यह सुविधा शीघ्र प्रारंभ कर दी जायेगी। इस व्यवस्था के प्रारंभ हो जाने से बिजली उपभोक्ताओं को बिजली बंद होने की सूचना समय पर मिल जायेगी।

राजधानी का ट्रैफिक सुधारने सड़क पर उतरे कलेक्टर-एसएसपी

- महापौर ढेबर और विधायक जुनेजा भी रहे मौजूद, चौक-चौराहों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ करने कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर मयंक चतुर्वेदी के साथ चौक-चौराहों का निरीक्षण भ्रमण किया। महापौर एजाज ढेबर, छ.ग. गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष एवं रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा भी इस दौरान साथ थे। विधायक जुनेजा ने सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में शहर के कुछ चिन्हित स्थलों पर बढ़ते ट्रैफिक दबाव के संबंध में अवगत कराया था। इस संबंध में कलेक्टर डॉ. ने मौदहापारा चौराहे में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने सिग्नल स्थापना हेतु परीक्षण के निर्देश पुलिस व ट्रैफिक अधिकारियों को दिए हैं। इसी तरह पीली बिल्डिंग चौक, देवेंद्र नगर चौक में बढ़ते यातायात दबाव को व्यवस्थित करने उन्होंने यातायात विभाग से प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर सहित नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे।

एच.आई.वी. (AIDS) एड्स, हेपाटाइटिस, हर्पिस

स्त्री पुरुष के गुप्तांग में दाने, छाले, फुंसी, लाल होना, फटना, शरीर में जलन व दर्द युक्त पानी भरे फफोले होते हो तो ये हर्पिस रोग या एच. आई. वी. / HIV एड्स रोग हो सकता है। तुरंत खुन की जाँच करायें। इसमें भूल कर भी किसी के कहने पर गोली दवा से दबाने की कोशिश ना करें। कभी भी शरीर का कोई भी अंग (निष्क्रीय) गतिहीन होने के साथ साथ आँख भी प्रभावित हो सकता है सावधान हर्पिस रोग न्यूरोट्रॉपिक वायरस है शोध से यह परिणाम सामने आया है कि यह वायरस जन्य बीमारी तो है लेकिन वायरस का शरीर नहीं होता। इसके सूक्ष्म जीवी वायरस रोगी के रक्त के प्रोटिन के कवच के अंदर सुरक्षित रहता है। हेपाटाईटिस भी इसी तरह का है अतः यह रोग जिस किसी के शरीर में है उसके शरीर द्वारा ही इस रोग का जड़ मूल से नाश होना संभव है। जो एन्टीवायरल इम्यून थेरेपी पर आधारित है जो कि आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है यह दवा शरीर के बनने वाले एन्टीबाडीज एवं शरीर के टी. (सेल) कोशिकाओं पर अपनी प्रतिक्रिया कर इम्यून सिस्टम को बढ़ाता है। यहाँ पॉजिटिव से निगेटिव रिपोर्ट देखा जा सकता है। इसी तरह यौन कमजोरी एवं यौन रोग का भी उच्चतम स्थायी चिकित्सा आयुर्वेद के रस रसायन के अलावा दूसरा है ही नहीं। रोगी अपने सभी जाँच रिपोर्ट साथ में अवश्य लावें। समय शाम 3.30 से 7.30 बजे।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मासाईटिस्ट)
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टॉकीज के सामने, सैमसंग शोरूम के पीछे दुर्ग, (छ.ग.)।
मोबाईल : 9425555659, 9617789223, 9303242200
(गुरुवार अवकाश)